# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 10 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 10- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 64 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ ग्रीन टी पीने को लेकर की जाने वाली आम गलतियां

भारत-साउथ अफ्रीका में दूसरा टी-20 आज ◀◀ 6







विधानसभा चुनाव 2024 : चंदनकियारी में पीएम मोदी ने भरी हुंकार, कहा-

# हमने झारखंड बनाया है, हम ही इसे संवारेंगे, कांग्रेस-झामुमो को घेरा



मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड पहुंचे। यहां उनका एक मेगा रोड शो और चुनावी रैलियों का कार्यक्रम है। सबसे पहले पीएम मोदी ने बोकारो में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में प्रचंड आंधी चल रही है। छोटा नागपुर का ये पठार भी कह रहा है- रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार। भाजपा-एनडीए का यहां एक ही मंत्र है। हमने झारखंड बनाया है, हम ही झारखंड संवारेंगे। ऐसे लोग कभी झारखंड का विकास नहीं करेंगे, जो झारखंड राज्य के निर्माण के विरोधी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज से 10 साल पहले, 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, मैडम सोनिया सरकार चलाती थीं और मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में बिठाया था। उस समय केंद्र सरकार ने झारखंड को 10 साल में बड़ी मुश्किल से 80 हजार करोड़ रुपये दिए थे। 2014 के बाद दिल्ली में सरकार बदली, आपने अपने इस सेवक मोदी को सेवा करने का मौका दिया और बीते 10 साल में हमने झारखंड को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा चाहती थी कि गरीब को पक्का घर मिले, शहरों-गांवों में अच्छे रास्ते बनें, बिजली-पानी मिले, इलाज की सुविधा हो, पढ़ाई की सुविधा हो, सिंचाई के लिए पानी मिले, बुढ़ापे में दवाई मिले, लेकिन खटट सरकार के पिछले 5 साल में आपके हक की ये सुविधाएं खटट और कांग्रेस के लोगों ने लूट लीं।

**गुमला में एक और जनसभाः** इसके बाद पीएम मोदी 3।15 बजे गुमला में एक और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह रांची में एक मेगा रोड शो करेंगे। रोड शो शाम करीब 5।15 बजे ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और न्यू मार्केट चौक पर समाप्त होगा। पीएम का यह रोड शो तीन किलोमीटर लंबा होगा जो दो विधानसभाओं रांची और हटिया से होकर गुजरेगा।

**हिमंत बिस्वा सरमा ने दी जानकारीः** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड बीजेपी के सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी रांची में 3 किलोमीटर का 'ऐतिहासिक' रोड शो करेंगे। इसमें बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। इसके साथ ही पीएम मोदी के रोड शो में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

10 दिनों में दूसरा दौराः गौरतलब कि बीते 10 दिनों में यह पीएम मोदी का झारखंड का दूसरा दौरा है। बीते सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद यानी 5 नवंबर को पीएम मोदी ने राज्य का दौरा किया। उस दौरे में वह चाईबासा और गढ़वा पहुंचे थे, जहां पीएम ने रैलियों को संबोधित किया था।

**चाईबासा में विरोधियों पर बरसे थे पीएमः** अपनी चाईबासा रैली में पीएम मोदी ने कहा कि अगर झारखंड में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार बनी तो घुसपैठ रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे और आदिवासी महिलाओं की हड़पी गई जमीन वापस करने के लिए कानून बनाया जाएगा।

**'भाजपा के लिए आदिवासी स्वाभिमान सर्वोपरि':** मोदी ने जनसभा में आगे नारे लगाते हुए कहा था, 'पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है- रोटी, बेटी और माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-राजग (एनडीए) सरकार। उन्होंने कहा, 'भाजपा के लिए आदिवासी भाई-बहनों की आकांक्षा, उनका स्वाभिमान हमेशा सर्वोपरि रहा है। जब पहली बार भाजपा सरकार बनी। दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी को सेवा करने का अवसर मिला। अटल देश के प्रधानमंत्री बने। तब जाकर आदिवासी समाज को झारखंड और छत्तीसगढ़ अलग राज्य मिले। ये दो राज्य बनाने का सौभाग्य भाजपा को मिला।'

# ट्रैफिक जाम में फंसी एम्बुलेंस,खत्म हुआ ऑक्सीजन बीच सड़क पर तड़प-तड़प कर गयी मरीज की जान

**पटनाः** राजेन्द्र सेतु पर भीषण जाम के कारण एक मरीज की बीच सड़क पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई। मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस जाम में फंस गई थी, उसे निकालने की कोई पहल नहीं हुई। इस बीच उसमें रखा ऑक्सीजन खत्म हो गया। बीच रास्ते में ही मरीज की तड़प-तड़प कर मौत हो गयी। मरीज गेंहारी यादव को लखीसराय के लाखोचक से इलाज के लिए बेगूसराय ले जाया जा रहा था, लेकिन जाम में फंसी एम्बुलेंस सही समय पर निकल नहीं सकी। बताया जाता है कि एम्बुलेंस के जाम में फंसने के बाद परिजनों ने मरीज को जाम से निकालकर सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। बीच रास्ते में ही मरीज ने दम तोड़ दिया।

कहीं नजर नहीं आयी पुलिस व्यवस्थाः सिमरिया में मुंडन व गंगा स्नान के लिए काफी संख्या में लोग जा रहे थे। वहीं छठ पूजा की समाप्ति के बाद राजेन्द्र सेतु पर वाहनों का दबाव काफी अधिक था। लोग छुट्टियां समाप्त कर अपने कार्यस्थल को लौट रहे थे। राजेन्द्र सेतु का और एप्रोच पथ का दोनों लेन जाम हो गया। पुल के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। भीड़ के बावजूद पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी। यातायात नियंत्रण में पुलिस की विफलता के कारण ही जाम की इतनी बुरी स्थिति देखी गई। गंगा में जा गिरी दो महिलाएंः जानकारी के अनुसार छठ पूजा खत्म के बाद राजेन्द्र सेतु पर 15 घंटे से अधिक समय तक भीषण जाम लगा रहा। सुबह से देर रात तक यहां वाहनों की लंबी कतार लगी थी। 5 से 8 घंटे में लोग राजेन्द्र पुल को पार कर रहे थे। पुल का पैदल रास्ता तक जाम हो गया था। जाम के दौरान पुल के आसपास ऐसी अफरा-तफरी की स्थिति थी कि दो महिलाएं भी पुल से सीधे गंगा नदी में जा गिरी। एक महिला को स्थानीय लोगों और नाविकों की तत्परता से बचा लिया। हालांकि, दूसरी महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

# मंडल मुर्मू को गृह मंत्रालय से मिली एक्स कैटेगरी की सुरक्षा, सिर काटने की मिली थी धमकी

रांची : बीजेपी में शामिल हुए वीर शहीद सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू को गृह मंत्रालय ने एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी है। जानकारी के अनुसार, सीएम सह बरहेट विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक 4 नवंबर को मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल हुए थे। इसके दो दिन बाद छह नवंबर को सेल्स एंड सर्विस नामक व्हाट्सएप ग्रुप में मंडल मुर्मू का सिर काटने पर 50 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गयी थी। इसका स्क्रीनशॉट वायरल होते ही दुमका पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मंडल मुर्मू ने राज्य और केंद्र सरकार से सुरक्षा की मांग की थी, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी है।




PR- 339962 (Eelection) 24-25


# नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, खड़े ट्रक में घुसी कार, परिवार के पांच लोगों की मौत



**ग्रेटर नोएडा :** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को किसी तरह से निकाला। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना इलाके में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक खराब खड़ा हुआ था। इस ट्रक में कार पीछे से घुस गई। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना में शामिल वैगनआर कार (रजिस्ट्रेशन नंबर एच आर 51 बी वाई 1774) परी चौक से काशीराम कॉलोनी, घोड़ी बछेड़ा की ओर जा रही थी, जिसमें तीन महिलाएं और दो पुरुष सवार थे। यह हादसा सुबह करीब छह बजे सेक्टर-146 मेट्रो स्टेशन के पास हुआ।

वैगनआर कार सड़क किनारे खड़े एक खराब वाहन ( संख्या यूपी 85 सीटी 8591) में पीछे से तेज गति से घुस गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य सवारों को स्थानीय पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, चिकित्सकों ने सभी पांचों को मृत घोषित कर दिया। कार सवार परिवार नोएडा से परी चौक आ रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को हटाकर यातायात को फिर से सुचारू कर दिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित रखते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सत्ता की राजनीति करने वाले, कभी जनता के हितैषी नहीं हो सकते : सीमा महतो



**सिल्ली:** सत्ता के लिए राजनीति करने वाले कभी जनता के हितैषी नही हो सकते है । ऐसे लोग सत्ता पाने के लिए भाई को भाई से बाप को बेटा से और सास को पुतोह से लड़ा देंगे। सत्ता में रहते हैं सत्ता सुख में जनता ने जिस नीति नियम और हक अधिकार के लिए सदन भेजा है वो भूल जाते हैं और सत्ता से बेदखल होते ही फिर इन्हें झारखंड की अस्मिता-अस्तित्व खतरे में नजर आने लगती है । उक्त बातें झामुमो प्रत्याशी अमित महतो की पत्नी सीमा महतो ने हलमाद, चीराटांड़, जालुमबेड़ा, भूली, मिसिरहोटाँग, हाकेदाग, डुमका, गेरेबीर, वनवाडीह आदि गांव में चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबंध करते हुए कहा। सीमा ने आगे कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी मंहागठबंधन सरकार अनेकों लोक कल्याणकारी योजना लाया है जिसका सीधा लाभ आम लोगों को मिल रहा है वही विपक्ष के लोग चुनाव के समय योजना लाता है और चुनाव बीत जाने के बाद योजना बंद हो जाता है। मौके पर जिप सदस्य लक्ष्मी देवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य सावना मुंडा लखीचरण बेदिया फागु बेदिया यासीन राय झामुमो नेता देवेन महतो अल्पसंख्यक नेता फखरुद्दीन राय समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक परिवार है आजसू :सुदेश महतो



**मुरी:** आजसू प्रमुख व विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा के ग्राम प्रभारी एवं पंचायत प्रभारियों के साथ चुनाव को लेकर बैठक की। जिसमें सभी को चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिससे चुनाव की तैयारी भली भांति हो सके। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव का समय है जिसमें कई पलटू राम दल बदलू नेता आपको उलझाने की कोशिश करेंगे अतः आपको ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। आजसू एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है जहां सभी को सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाता है इसलिए कोई भी कार्यकर्ता या हमारे पदाधिकारी गण किसी से उलझे नहीं बल्कि, लोगों से संपर्क करें और पार्टी को मजबूत बनाकर आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छी रिजल्ट देने का काम करे। तैयारी ऐसा करें कि हमारे प्रतिद्वंदी हमारा तैयारी देखकर ही छुप जाए। मौके पर दूसरे दल के कई लोग आजसू पार्टी का दामन थामा।

# झारखंड में तेजी से फैल रहा सांप्रदायिकता का जहर : राजनाथ सिंह

## जातिगत आरक्षण के नाम पर गुमराह कर रही कांग्रेस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची/ खूंटी:** खूंटी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा आये दिन जातिगत जनगणना कराने की मांग की जाती है। साल 2011 में एक सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना हुआ था जिसमें करीब 46 लाख जातियां, उपजातियां और गोत्र निकल कर आये थे। यह संख्या इतनी विशाल थी कि रिपोर्ट सार्वजनिक नही हुई। उन्होंने सावाल किया कि यह जाति का पिटारा खोल कर कांग्रेस क्या करना चाहती है और किसका आरक्षण काटना चाहती है।

राजनाथ ने कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी से पूछना चाहता हूं कि हजारों लाखों की संख्या में जो जातियां है उनके कल्याण के लिए उनको आरक्षण देने के लिए आपके पास क्या ब्लू प्रिंट है, क्या रोड मैप है? उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी जातिगत आरक्षण के नाम पर गुमराह कर रही है। इनके नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि आप अलग अलग जातियों के लिये आरक्षण के लिए क्या व्यवस्था करेंगे। जब तक ये जवाब न दें तब तक इनको समर्थन नहीं दिया जाना चाहिये।



भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड में अवैध घुसपैठिए आ गये हैं। हालात इतने खराब हैं कि स्कूलों में सरस्वती वंदना तक पर रोक लगानी पड़ी है। अब यहाँ तीज-त्योहारों में भी पत्थरबाजी की घटनायें होने लगी हैं। झारखंड में सांप्रदायिकता का जहर तेजी से फैल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ पूरे देश में प्रभावी कारवाई की जिसके परिणामस्वरूप आज झारखंड समेत देश के अधिकांश ज़िलों में से नक्सली हिंसा लगभग समाप्त हो गई है। देश में नक्सलवाद खत्म होकर रहेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2012 के राष्ट्रपति चुनाव में एक आदिवासी, नॉर्थ-ईस्ट से आने वाले पीए संगमा को उम्मीदवार बनाया था, तो 2017 में दलित समाज के रामनाथ कोविंद जी को बनाया। आज आदिवासी समाज की एक बेटी भारत की राष्ट्रपति बन चुकी हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस देश में चुनी हुई प्रदेश सरकारों को गिराने का काम भी सबसे अधिक अगर किसी ने किया है तो कांग्रेस पार्टी ने किया है। जबकि मोदीजी ने एक भी प्रदेश सरकार गिराने का काम नहीं किया है।

## बडा मुरी कुली में रोड पर बहता है गंदा पानी

**मुरीः** बडा मुरी में घर का गंदा पानी रोड पर निकाल दिया जाता है ऐसा जानबूझ कर किया जा रहा है। ऐसा कहना बडा मुरी के लोगों का है। जब लोग नहा घुल कर मंदिर के लिए जाते हैं तो उसी गंदे पानी में पैर पड़ता है। इससे खिन्न होकर लोगों ने मुखिया से शिकायत कई बार कर चुके हैं। लेकिन मुखिया अपने को दबंग समझता है आजसू से हाथ मिला रखा है आजसू की छत्र छाया में मनमानी करता है जल्दी किसी की परेशानी नहीं समझता है। हालांकि मुखिया ने ही नाली बनाया है पर मेंटेनेंस नहीं है। ऐसे में आजसू के प्रति नकारात्मक संदेश चला जाता है जबकि आजसू पार्टी के सुदेश महतो सबको निर्देश दे रखे हैं कि किसी को अपने व्यवहार से दिल मत दुखाओ। दिल जीतने की कोशिश करो।

## आंवला नवमी आज, महिलाओं ने की पूजा

मुरीः आज आंवला नवमी है। महिलाओं ने आंवला पेड़ के नीचे पूजा अर्चना की। पूजा करने पहुंची सिल्ली की महिलाओं में सीमा देवी, पिंकी देवी ने बताया कि आंवला नवमी की पूजा पति के सौभाग्य के लिए की जाती है। यह पूजा लगभग सभी आंवला वृक्ष के नीचे सम्पन्न हुआ। पुरोहित पुरुषोत्तम मिश्रा ने बुण्डु चौक स्थित दुर्गा बाडी परिसर में मंत्रोच्चारण के साथ आंवला पूजा को सम्पन्न कराया। जहां सिल्ली की बहुत सी मारवाड़ी महिला आयी थी, वे श्रद्धालु महिलाएं ब्राह्मण भोजन कराने के बाद प्रसाद वितरण करवाया।

# पीएम मोदी के रोड शो को लेकर संजय सेठ ने रातू रोड में की पदयात्रा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसको देखते हुए शनिवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ओटीसी मैदान से न्यू मार्केट चौक तक पदयात्रा कर लोगों से प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत करने को कहा। संजय सेठ ने कहा कि पीएम का विशेष स्नेह झारखंड को हमेशा से मिलता रहा है। संजय सेठ ने बताया कि शाम 4:00 बजे से ओटीसी ग्राउंड से रोड शो शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आयेंगेयझारखंडी पर्यटन स्थल



हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप पार्किंग की व्यवस्था : बाहर से रांची आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप की गयी है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य के माध्यम से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। 501 ब्राह्मण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रधानमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। पूरे रातू रोड के विभिन्न स्थानों पर ढोल ताशा परंपरागत यंत्र वादन सहित भजन सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके स्वागत में किये जायेंगे। पूरे रातू रोड के लोगों में उत्साह है।

घरों को सजा रहे रातू रोड के निवासीः सेठ ने कहा कि रातू रोड के नागरिक स्वतः अपने घरों को सजा रहे हैं। महिलाओं के द्वारा विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाई जा रही है। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था हो रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची सहित रातू रोड के नागरिकों से यह आह्वान किया है कि प्रधानमंत्री के स्मृति में यह रोड शो और उनका अभिनंदन ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी कार्य करें।

## किसे वोट देना है इसका निर्णय जनता खुद लेः राधिका महतो

सिल्ली : झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो व गोड़ाडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शक्ति सिंह मुंडा ने गोड़ाडीह व लोटा पंचायत में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया और पार्टी प्रत्याशी अमित महतो को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने का लोगों से अपील किया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा महिला सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, कृषि लोन माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना, अबुआ आवास जैसी कई तरह की जन कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। विपक्ष के पास एक भी योजना नही जिसके आधार पर वोट मांगें।

## टाटा नगर में बीजेपी पर बरसे, राहुल गांधी ने कहा

# हम नफरत को मोहब्बत से हराकर दिखाएंगे



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में कांग्रेस की चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा, 'पीएम मोदी ने आपके बच्चों का कितना कर्ज माफ किया?' कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने खुद इसका जवाब भी दिया। उन्होंने कहा, सरकार ने एक भी रुपया माफ नहीं किया। उन्होंने अरबपति कारोबारियों- अडानी और अंबानी का नाम लेकर कहा कि केंद्र सरकार ने इन जैसे 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया।

संविधान की रक्षा करती रहेगी कांग्रेसः कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (बीजेपी-आरएसएस) के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देगी। बकौल राहुल गांधी, 'हम संविधान की रक्षा करते रहेंगे, उन्हें संविधान को छूने तक नहीं देंगे।'

नफरत को सिर्फ मोहब्बत से मिटाया जा सकता हैः जमशेदपुर की जनसभा में राहुल ने भाजपा पर नफरत फैलाने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा, 'नफरत को नफरत से नहीं मिटाया जा सकता है। नफरत को सिर्फ मोहब्बत से मिटाया जा सकता है। हम नफरत को मोहब्बत से हराकर दिखाएंगे।'

इंडिया ब्लॉक की सरकार झारखंड की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देगीः उन्होंने मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया और कहा कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन- इंडिया ने तय किया है कि जितना पैसा इन लोगों ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम आपके बैंक खाते में डालेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद, इंडिया ब्लॉक की सरकार झारखंड की महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2500 रुपये डालेगी। उन्होंने अपने लोकप्रिय अंदाज में कहा, '1 जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर को आपके बैंक खाते में 2500 रुपये आएंगे 'खटा-खट, खटा-खट।'

झारखंड सरकार 15 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज कराएगीः राहुल गांधी ने घोषणा पत्र के वादे भी दोहराए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को हर महीने 7 किलो राशन मिलेगा। गैस सिलेंडर की कीमत 450 रुपये होगी। बकौल राहुल गांधी, 'झारखंड में जो भी बीमार पड़ेगा, उसके लिए हम नई स्वास्थ्य बीमा योजना ला रहे हैं।।। अगर आपको कोई ऑपरेशन करवाना है।।। तो सबसे गरीब व्यक्ति भी अस्पताल जा सकेगा। हमारी सरकार बनने पर झारखंड सरकार पात्र लोगों को 15 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज भी कराएगी।

मोदी सरकार जातिगत जनगणना नहीं रोक सकतीः राहुल गांधी ने झारखंड की चुनावी रैली में भी जातिगत जनगणना की बात दोहराई। उन्होंने कहा, 'मैंने मोदी जी से साफ कह दिया है- आप जातिगत जनगणना को रोक नहीं सकते हैं। हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास कर-के दिखाएंगे और आरक्षण में 50% की दीवार को तोड़ देंगे।' राहुल ने झारखंड में आदिवासियों को 28%, दलितों को 12% और पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण देने का वादा भी दोहराया।

एक तरफ मोहब्बत, एकता, भाईचारा है तो दूसरी तरफ नफरतः

भाजपा पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा, 'देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ इंडिया और दूसरी तरफ बीजेपी और आरएसएस है। एक तरफ मोहब्बत, एकता, भाईचारा है तो दूसरी तरफ नफरत, हिंसा, क्रोध और अहंकार है।' उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा करने की बात कहता है, जबकि बीजेपी-आरएसएस संविधान को खत्म करना चाहती है।

'कांग्रेस का मकसद हिंदुस्तान को जोड़ना': राहुल गांधी ने कहा, 'हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' की, जिसका मकसद हिंदुस्तान को जोड़ना था। जबकि नरेंद्र मोदी, आरएसएस- बीजेपी के लोग हिंदुस्तान को बांटते हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक भाषा को दूसरे भाषा से लड़ाते हैं। हम अंग्रेजो से लड़े, देश को संविधान दिया ताकि जनता की रक्षा हो सके।


**ANNEXURE 47**

**FORMATS C- 1 TO C- 8 and CA**

Format C-1

Declaration about criminal cases *(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

(As per judgement dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India and Anr.)

Name and Address of candidate : **RAJESH RAJ, AT, GOHDAR, DOMCHANCH**

Name of Political Party : **INDEPENDENT**

(Independent candiates should write "Independent" here)

Name of Election : **ASSEMBLY**

*Name of Constituency : **KODERMA**

I **RAJESH RAJ** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecendents :

**(A) Pending criminal cases :**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned brief and description of offences(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | C.J.M. Koderma | 1227/2022 | Pending | 33 I.F. A. |
| 2. | शिवांगी प्रिया, न्या. दंडा. प्रथम श्रेणी कोडरमा | 76/2018 | Pending | 147, 148, 149, 341, 323, 504 506, 379 |
| 3. | Pragya Bajpeyi | 949/2019 | Pending | 33 I. F. A. C. R. |
| 4. | Pragya Bajpeyi | 1632/2021 | Pending | 33, 41, 42. I. F. A. C. R. |
| 5. | CJM Koderma | 1889/2019 | Pending | 33. I. F. A. C. R. |

**(B) Details about cases of conviction for crinal offences :**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) & pubishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|

In Case of election to council of states of Legislative council by MLAs, Mention the election concerned in place of name of constituency.

## विधानसभा चुनावः पीएम मोदी भरेंगे चुनावी हुंकार

# रांची में आज तीन किलो मीटर लंबा रोड शो

### भाजपा के अभियान को देंगे धार,रांची और हटिया विस को साधेंगे

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड में एक मेगा रोड शो और दो रैलियां करेंगे। रांची में रोड शो शाम करीब 5.15 बजे ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और न्यू मार्केट चौक पर समाप्त होगा। पीएम का यह रोड शो तीन किलोमीटर लंबा होगा जो दो विधानसभाओं रांची और हटिया से होकर गुजरेगा।



**हिमंत बिस्वा सरमा ने दी जानकारीः** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड बीजेपी के सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी रांची में 3 किलोमीटर का 'ऐतिहासिक' रोड शो करेंगे। इसमें बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। इसके साथ ही पीएम मोदी के रोड शो में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

**10 दिनों में दूसरा दौराः** गौरतलब कि बीते 10 दिनों में यह पीएम मोदी का झारखंड का दूसरा दौरा है। बीते सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद यानी 5 नवंबर को पीएम मोदी ने राज्य का दौरा किया। उस दौरे में वह चाईबासा और गढ़वा पहुंचे थे, जहां पीएम ने रैलियों को संबोधित किया था।

**चाईबासा में विरोधियों पर बरसे थे पीएमः** अपनी चाईबासा रैली में पीएम मोदी ने कहा कि अगर झारखंड में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार बनी तो घुसपैठ रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे और आदिवासी महिलाओं की हड़पी गई जमीन वापस करने के लिए कानून बनाया जाएगा।

## पीएम मोदी के रोड शो को लेकर रातू रोड को किया गया वन वे

**रांची :** पीएम नरेंद्र मोदी आज ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड तक चौक तक रोड शो करेंगे। इसको लेकर रविवार की सुबह से ही रातू रोड को वन वे कर दिया गया है। साथ ही हर जगह पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। पीएम का रोड शो शाम 4:50 बजे ओटीसी ग्राउंड से न्यू रातू चौराहे तक होगा। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक पीएम मोदी आम लोगों के बीच रहेंगे। इससे पहले पीएम बोकारो के चंदनक्यारी और गुमला में चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे।

**पीएम का रांची में चौथा रोड शो :** पीएम मोदी का रांची में यह चौथा रोड शो होगा। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान एयरपोर्ट से बिरसा चौक तक रोड शो किया था। फिर नवंबर 2023 में भी रोड शो किया था। वहीं पीएम मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान हिनू चौक से रातू चौक तक रोड शो किया था। वहीं आज 10 नवंबर को रांची के ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौराहे रोड शो करेंगे। पुलिस मुख्यालय के स्तर से की जा रही है।

# मुक्ति संस्था ने 51 लावारिस शवों का किया सामूहिक दाह संस्कार

**रांचीः** मुक्ति संस्था ने आज रविवार को जुमार नदी तट पर 51 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। फिर सभी शवों को मुखाग्नि दी। नौ सालों से लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर रही संस्था कई दिनों से इन शवों के दाह संस्कार की तैयारी कर रही थी। रिम्स में कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद मोर्चरी में पड़े सभी शवों को ट्रैक्टर से जुमार नदी तट पर लाया गया।



इनमें से कई शव गल गये थे। इसलिए उन शवों को प्लास्टिक में सील कर दिया गया था। इसके बाद जुमार नदी के तट पर एक साथ 51 चिता सजाकर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि संस्था ने अब तक 1883 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया है। शवों की पहचान के लिए पुलिस ने किया प्रयासः बता दें कि पुलिस ने इन 51 लवारिस शवों की पहचान के लिए काफी प्रयास किया। पुलिस ने कई बार विज्ञापन भी निकाले। लेकिन इन शवों की पहचान नहीं हो सकी।


कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी।

(निर्वाचन शाखा)

आदेश

मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 6727 दिनांक 05.11.2024 एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 691 दिनांक 22.10.2024 के आलोक में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा–4 के अधीन खूँटी जिला अन्तर्गत 58–तमाड़ (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अड़की अंश), 59–तोरपा (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 60–खूँटी (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी 536 मतदान केन्द्रों को "तम्बाकू मुक्त क्षेत्र" घोशित किया जाता है।

मतदान केन्द्र परिसर में किसी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ, यथा–सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा इत्यादि का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

आदेश का उल्लंघन करने पर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के सुसंगत प्रावधान के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी।

PR 339985 Election(24-25)D


# पीएम के रोड शो में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद 17 आईपीएस सहित 4 हजार जवान रहेंगे तैनात

मेट्रो रेज

**रांचीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को रांची में होने वाले रोड शो को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पीएम की सुरक्षा में 17 आइपीएस व 4000 जवान तैनात रहेंगे। झारखंड पुलिस की ओर से एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर व एसपीजी की ओर से अधिकारी सुरेश सुरक्षा की कमान संभालेंगे।



**एडीजी लाठकर, तीन आइजी, तीन डीआइजी पर रहेगा पूरा जिम्माः** पुलिस मुख्यालय की ओर से पीएम की सुरक्षा व्यवस्था में एडीजी लाठकर के अलावा तीन आइजी, तीन डीआइजी, 11 एसपी के अलावा सिपाही से लेकर डीएसपी तक चार हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। फोर्स की तैनाती बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक, बिरसा चौक, एसइसी गेट, अरगोड़ा चौक, कटहलमोड़, पंडरा चौक, पिस्का मोड़ से ओटीसी ग्राउंड तक अलग-अलग आइपीएस को सुरक्षा की जवाबदेही दी गयी है।

**पीएम के पूरे रूट में चप्पे–चप्पे पर तैनात रहेंगे सुरक्षाकर्मीः** ओटीसी ग्राउंड से न्यू मार्केट चौक तक रोड शो के दौरान भी आइपीएस अधिकारियों को तैनात किया गया है। वहीं रोड शो के बाद हरमू रोड, सहजानंद चौक, अरगोड़ा चौक से एचइसी गेट होते हुए हिनू चौक व एयरपोर्ट तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस और ट्रैफिक के जवानों की तैनाती की गयी है। पूरे कार्यक्रम के दौरान पीएम के काफिले की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जायेगी।

**पीएम के आने–जाने वाले रास्ते में की गयी बैरिकेडिंगः** प्रधानमंत्री के आने-जाने वाले रास्ते में सुरक्षा के लिहाज से जगह-जगह बैरिकेडिंग की गयी है। वहीं बहुमंजिली इमारतों पर हथियारबंद सुरक्षा गार्डों को तैनात किया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियां ओटीसी ग्राउंड से लेकर रातू रोड चौराहा तक सभी जांच प्रक्रिया को पूरी करने में जुटी है।

**पीएम के कारकेड का किया गया रिहर्सलः** प्रधानमंत्री के रांची आगमन और ओटीसी मैदान से लेकर न्यू मार्केट चौक तक रोड शो को लेकर शनिवार की शाम प्रधानमंत्री के कारकेड का रिहर्सल किया गया। कारकेड का रिहर्सल एयरपोर्ट से हिनू चौक, हिनू चौक से एचइसी गेट और अरगोड़ा चौक होते हुए कटहल मोड़ और वहां से पंडरा बाजार होते हुए ओटीसी ग्राउंड और यहां से न्यू मार्केट चौक तक किया गया। प्रधानमंत्री का कारकेड करीब 15 मिनट में ओटीसी ग्राउंड पहुंचा। इस दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात आइपीएस अधिकारी से लेकर सेक्टर अधिकारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। रिहर्सल के दौरान सीनियर अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा को लेकर ब्रीफ भी किया गया।


कार्यालय,
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची
(व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग)
(exmonitoringcellranchi@gmail.com)

प्रेस विज्ञप्ति

विधानसभा (आम) निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 63–राँची एवं 66–माण्डर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि–13/11/2024 को निर्धारित है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सार–संग्रह अध्याय 'ग' के अन्तर्गत पृश्ठ संख्या–74 (लेखे का निरीक्षण) के आलोक में 63–राँची एवं 66–माण्डर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव चिन्ह आवंटित सभी प्रत्याशियों को प्रथम/द्वितीय/तृतीय निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जाँच की तिथि निर्धारित कर सूचना दैनिक अखबारों के माध्यम से पूर्व में प्रकाशित किया जा चुका है। इस कम में 63–राँची एवं 66–माण्डर विधानसभा क्षेत्र हेतु तृतीय लेखा जाँच की पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक 11/11/2024 को संशोधित कर दिनांक 12/11/2024 निर्धारित किया जाता है, जिसका ब्यौरा निम्नवत् है :–

| क्र. | निर्वाचन व्यय लेखा जांच | निर्वाचन व्यय लेखा जांच की तिथि | जाँच स्थल एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | द्वितीय लेखा जाँच | दिनांक–12/11/2024 (बुद्धवार) | समागार कक्ष, आठवां तल्ला, राँची नगर निगम भवन, कचहरी रोड, राँची |

उक्त संदर्भ में विधानसभा (आम), निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 63–राँची एवं 66–माण्डर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के "निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जाँच" हेतु नियत तिथियों पर प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली हेतु प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जाँच–समय का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है :–

63–राँची विधानसभा क्षेत्र

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जाँच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अभय प्रताप सिंह | बहुजन समाज पार्टी | हाथी | प्रथम पाली (10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | महुआ माजी | झारखण्ड मुक्ति मोर्चा | तीर–कमान | |
| 3 | कुमार अभिषेक दुबे | राष्ट्रीय जयहिन्द पार्टी | फुटबॉल खिलाड़ी | |
| 4 | गौतम राम | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | फलों से युक्त टोकरी | |
| 5 | महताब आलम | ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन | पतंग | |
| 6 | राज किशोर महतो | झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा | कैंची | |
| 7 | सुजीत कुमार वर्णवाल | राईट टु रिकॉल पार्टी | प्रेशर कुकर | |
| 8 | आलोक कुमार | निर्दलीय | हॉकी और बॉल | |
| 9 | आयुष रंजन | निर्दलीय | आदमी व पाल युक्त नौक | |

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जाँच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्द्रश्वर प्रसाद सिंह | भारतीय जनता पार्टी | कमल | द्वितीय पाली (02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | इमतिशाम अली | निर्दलीय | हेलमेट | |
| 3 | उत्तम यादव | निर्दलीय | ऑटो–रिक्शा | |
| 4 | नविन्द्र कुमार भारती | निर्दलीय | बाल्टी | |
| 5 | पवन कुमार चौधरी | निर्दलीय | सीसीटीवी कैमरा | |
| 6 | प्रियंका कुमारी | निर्दलीय | कड़ाही | |
| 7 | रानी कुमारी | निर्दलीय | गैस का चूल्हा | |
| 8 | विवेक कृष्णा | निर्दलीय | केतली | |
| 9 | समीर कुमार सिंह | निर्दलीय | शतरंज बोर्ड | |

66–माण्डर विधानसभा क्षेत्र

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जाँच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिल्पी नेहा तिर्की | इंडियन नेशनल कॉंग्रेस | हाथ | प्रथम पाली (10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | कीर्ति सिंह मुण्डा | कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) | हथौड़ा, हँसिया और सितारा | |
| 3 | सुखमणी तिग्गा | बहुजन समाज पार्टी | हाथी | |
| 4 | कान्ता खलखो | आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया | कोट | |
| 5 | गुना भगत | झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा | कैंची | |
| 6 | जग्रे उराँव | भारत आदिवासी पार्टी | हॉकी और बॉल | |
| 7 | बिमला लोहा | भागीदारी पार्टी (पी) | हान्डी | |
| 8 | संजय महली | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | फलों से युक्त टोकरी | |
| 9 | डॉ० परमेश्वर भगत | निर्दलीय | एअरकंडीस्नर | |

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जाँच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सन्नी टोप्पो | भारतीय जनता पार्टी | कमल | द्वितीय पाली (02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | बिनोदित तिग्गा | निर्दलीय | बेन्च | |
| 3 | बिश्राम उराँव | निर्दलीय | अलमारी | |
| 4 | रामलखन महली | निर्दलीय | सेब | |
| 5 | रेखा देवी | निर्दलीय | कटहल | |
| 6 | विकास ज्योति उराँव | निर्दलीय | ऑटो–रिक्शा | |
| 7 | शिव उराँव | निर्दलीय | बैटरी टार्च | |
| 8 | सुशील कुजूर | निर्दलीय | बेबी वॉकर | |

01:30 बजे अपराह्न से 02:00 बजे पूर्वाह्न तक मध्याह्न विश्रांतिकाल।

सभी प्रत्याशियों से अनुरोध होगा कि स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिकर्त्ता के माध्यम् से निर्वाचन व्यय लेखा पंजी जाँच हेतु निर्धारित तिथियों में उपरोक्त आवंटित/निर्धारित समय के अनुसार निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जाँच हेतु व्यय लेखा जाँच दल के समक्ष उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

नोडल पदाधिकारी,
व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग,
–सह–उप विकास आयुक्त, राँची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, राँची

PR 339983 Ranchi (24-25)_D


## रोड शो को लेकर कई इलाके नो प्लाईग जोन घोषित

**रांचीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड तक चौक तक रोड शो करेंगे। इसको लेकर सदर एसडीओ ने कई इलाकों को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से 10 नवंबर को सुबह 6 बजे से रात के 11 बजे तक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हिनू चौक, बिरसा चौक, कटहल मोड़, आईटीआई बस स्टैंड, ओटीसी मैदान, न्यू मार्केट चौक से सहजानंद चौकको 200 मीटर की परिधि को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इन क्षेत्रों में और इसके ऊपर से ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बलून पूर्णतः वर्जित रहेगी।

# डॉ महुआ माजी के पक्ष में कल्पना सोरेन की जनसभा

**रांचीः** राज्यसभा सांसद सह रांची विधानसभा के भावी उम्मीदवार डॉ महुआ माजी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए रांची विधानसभा क्षेत्र के कांटा टोली सुल्तान कॉलोनी स्थित झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व भव्य जनसभा का आयोजन किया गया । इस जनसभा के मुख्य अतिथि गांडेय विधायक सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन विशेष रूप से उपस्थित रही और जनसभा को संबोधित की। कल्पना सोरेन ने कहा कि पिछले करीब 40 सालों से भाजपा का कब्जा रांची विधानसभा के सीट पर है । करीब 28 सालों से सीपी सिंह लगातार विधायक हैं, तो इनसे पहले गुलशन लाल आसमानी और यशवंत सिन्हा भी भाजपा से विधायक रह चुके हैं, लेकिन रांची की राजधानी की खूबसूरती और इसका जो विकास होना चाहिए था वह अधूरा है। लेकिन जब 2019 के बाद जितना भी समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिला तो उन्होंने पहला फ्लाईओवर निर्माण करके दिया, स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल को सुपर स्पेशयलिटी बनाकर दिया है, मंइया सम्मान योजना से माताओं बहनों को स्वावलंबी बनाने का काम किया है और आगे भी करेंगे। साथ ही रोजगार, शिक्षा और पर भी हेमंत सोरेन काम कर रहे हैं । अगर आप रांची विधानसभा में बदलाव चाहते हैं, सुंदर रांची चाहते हैं, यातायात की समस्या से निजात चाहते हैं, जलाशयों को बचाना चाहते हैं हर युवा को रोजगार, बेहतर शिक्षा चाहते हैं तो डॉक्टर महुआ माजी को एक मौका दीजिए और इन्हें विधायक बनाइए। यहां पर जो जनसभा आयोजन किया गया और जिस तरह से भीड़ उमड़ पड़ी है इससे स्पष्ट होता है , कि मुजीब कुरैशी साहब इस बार महुआ माजी को विधायक बनाकर रहेंगे। रांची में यह मेरा पहला कार्यक्रम है और जो भीड़ जमा हुई है , महिलाएं, बुजुर्ग , युवा, की जो भीड़ है, जो उत्साह है इससे स्पष्ट हो रहा है कि हर कोई चाहता है कि झारखंड में मजबूती से हेमंत सोरेन की सरकार बने और राज्य का विकास हो सके।



## सीएम सोरेन के भाजपा पर लगाए आरोपों पर बरसे हिमंत बिस्व सरमा , कहा-

# 'वोट के लिए घुसपैठियों को...'

**रांचीः** झारखंड में विधानसभा चुनाव अब सिर पर हैं। इस बीच सियासी दलों ने अपने चुनावी प्रचार को धार देने की अंतिम कोशिशें शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में भाजपा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर हमला बोला। दरअसल, सोरेन ने एक दिन पहले ही भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि 'वे कूटे जरूर जाएंगे'। इसी पर रविवार को हिमंत बिस्व सरमा ने भाजपा की तरफ से पलटवार का नेतृत्व किया। उन्होंने आरोप गाया कि झामुमो वोट के लिए झारखंड में घुसपैठियों को संरक्षण दे रहा है। रेलवे हाई ग्राउंड में एक चुनावी रैली में हिमंत बिस्व ने कहा कि अगर भाजपा झारखंड में सरकार बनाती है तो वह राज्य से घुसपैठियों को बाहर कर देगी। झारखंड में भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे शर्मा ने आरोप लगाया, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं क्योंकि उन्हें उनके वोटों की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठिये स्थानीय लड़कियों से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा, हम घुसपैठिये पिता और आदिवासी मां से जन्मे बच्चे को आदिवासी दर्जा देने के लिए प्रमाणपत्र जारी नहीं करेंगे। सरमा ने कहा, मैं राज्य में सरकार बदलने का प्रयास कर रहा हूं, यह एक सच्चाई है लेकिन एक मुख्यमंत्री के मुंह से 'ठेका' और 'सुपारी' जैसे शब्द शोभा नहीं देते।



इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे नारे पर निशाना साधते हुए शनिवार को दावा किया कि राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। सोरेन ने चुनाव प्रचार के बीच आयकर के छापों की भी आलोचना की। आयकर विभाग ने कर चोरी से संबंधित जांच के तहत शनिवार को सोरेन के एक सहयोगी के परिसरों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली। सुबह के समय शुरू हुए अभियान में राज्य की राजधानी रांची और जमशेदपुर में कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर एक सवाल के जवाब में सोरेन ने कहा, यहां ना तो बंटे हैं, ना बटेंगे लेकिन चुनाव के माध्यम से कूटे जरूर जाएंगे ये (भाजपा के) लोग।

# ग्रीन टी पीने को लेकर की जाने वाली आम गलतियां





1. भोजन के ठीक बाद ग्रीन टी न लें
2. ज्यादा गर्म ग्रीन टी न लें
3. खाली पेट ग्रीन टी पीना
4. गर्म होने पर अपनी ग्रीन टी में शहद न मिलाएं
5. ग्रीन टी के साथ दवाइयां न लें
6. ग्रीन टी का बहुत सेवन अधिक होना
7. ग्रीन टी की पत्तियों को ज्यादा देर तक न रखें
8. ग्रीन टी में बहुत अधिक आर्टीफिशियल स्वाद मिलाने की कोशिश न करें
9. ग्रीन टी पीते समय जल्दबाजी न करें
10. एक साथ दो ग्रीन टी बैग न डालें

ग्रीन टी का ऐसे करें सेवन

1. ग्रीन टी के स्वाद को बनाए रखने के लिए अपने ग्रीन टी बैग्स को टिन्स या चीनी मिट्टी के कंटेनर में रखें।
2. अपनी ग्रीन टी को उचित तापमान पर लें ना ज्यादा गर्म ना ज्यादा ठंडा।
3.बेहतर चयापचय दर के लिए ग्रीन टी लें। दैनिक आहार में दो कप ग्रीन टी शामिल करने से काफी मदद मिल सकती है।
4. सुबह ग्रीन टी पिएं
5. अपनी ग्रीन टी बनाने के लिए बोतलबंद या मिनरल वाटर का उपयोग करें
6. बिस्तर पर जाने से ठीक पहले ग्रीन टी का सेवन एक आदर्श पेय माना जाता है।

# इम्युनिटी बढ़ाने के लिए खाएं विटामिन-सी से भरपूर फल, प्लांट बेस्ड पोषक तत्वों का भी मिलेगा लाभ

**इम्युनिटी** मजबूत मतलब संक्रामक रोगों का खतरा कम। यही कारण है कि कोरोना महामारी के दौरान सभी लोगों को इम्युनिटी बढ़ाने वाले उपाय करते रहने की सलाह दी जा रही थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण सतत प्रक्रिया है यानी कि इसके लिए आपको नियमित रूप से प्रयास करते रहने की जरूरत होती है। लाइफस्टाइल और आहार को ठीक रखने से इम्युनिटी को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है।

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ प्रकार के फलों के सेवन को इम्युनिटी सिस्टम के लिए काफी लाभप्रद माना जाता रहा है। कीवी ऐसा ही एक फल है, जो विटामिन-सी जैसे प्रभावी एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्रोत तो है हो साथ ही इसमें प्लांट बेस्ड पोषक तत्वों की भी भरपूर मात्रा होती है जो आपके शरीर को अंदर से मजबूत बनाने में मदद करते हैं।



**कीवी कई प्रकार से लाभकारी:**

अध्ययनों में भी पाया गया है कि कीवी अत्यधिक पौष्टिक होने के साथ विभिन्न प्रकार के विटामिन्स-खनिजों और फाइबर से भरपूर होते हैं। इनमें विशेष रूप से विटामिन-सी प्रचुर मात्रा में होता है, जो प्रतिरक्षा स्वास्थ के लिए आवश्यक है। विटामिन-सी प्रभावी एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है जो शरीर को कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाने में मददगार हो सकता है। सभी लोगों को रोजाना आहार में एक कीवी जरूर खाना चाहिए।

प्लांट बेस्ड पोषक तत्वों का उत्कृष्ट स्रोतः एंटीऑक्सीडेंट पोषक तत्व विटामिन-सी और विटामिन-ई के अलावा, कीवी को प्लांट बेस्ड पोषक तत्वों का भी उत्कृष्ट स्रोत माना जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि इसमें कैरोटीनॉयड भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, ये तत्व हृदय रोग सहित कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में मदद कर सकता है। अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि कैरोटीनॉयड, विटामिन सी और विटामिन-ई वाली चीजें हृदय रोग, कैंसर और समय से पहले मृत्यु का कारण बनने वाली बीमारियों से आपको बचाने में मददगार हैं।

विटामिन-सी की कमी होती है पूरीः कीवी में विटामिन-सी की उच्च मात्रा में होती है, ये पोषक तत्व आपकी कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाने में मदद करता है और शरीर में कई अन्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि कीवी खाने से आपकी इम्युनिटी काफी मजबूत होती है। लो विटामिन सी स्तर वाले 15 पुरुषों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला कि 6 सप्ताह तक प्रति दिन एक कीवी खाना स्वस्थ विटामिन सी का स्तर बनाने में पर्याप्त था।

प्रतिरक्षा को बढ़ाने में करती है मददः प्रतिरक्षा कार्य के लिए शरीर में विटामिन-सी का स्तर ठीक बनाए रखना महत्वपूर्ण है। अध्ययन से पता चलता है कि 4 सप्ताह तक प्रतिदिन दो कीवी खाने से विटामिन-सी का स्तर बढ़ सकता है और ये लो विटामिन सी स्तर वाले पुरुषों में न्यूट्रोफिल नामक प्रतिरक्षा कोशिकाओं के कार्य में भी सुधार करता है। न्यूट्रोफिल श्वेत रक्त कोशिकाएं हैं जो रोगजनकों और संक्रमण से बचाने में मदद करती हैं।

# खूबसूरत त्वचा पाने के लिए चेहरे पर लगाएं बर्फ



**जब** हम चेहरे पर बर्फ घिसने की बात करते हैं तो लोगों का ध्यान सबसे पहला ध्यान गर्मियों के मौसम की ओर जाता है। हालांकि, फेस पर आइसिंग सिर्फ गर्मियों में ही नहीं, बल्कि सालभर कर सकते हैं इससे चेहरे पर ठंडक मिलती है। सस्ता और करने में आसान, यह डाई स्किन केयर में अद्भुत परिणाम देता है। इससे स्किन टाइटेनिंग, सूजन को कम करने और रेडनेस में भी राहत मिलती है। लेकिन जिस चीज के फायदे हैं उसके कुछ नुकसान भी होते हीं है। तो चलिए जानते हैं कि फेस आइसिंग के फायदे और नुकसान के बारे में।

**फेशियल आइसिंग क्या है?**

फेस आइसिंग एक प्रकार की थेरेपी है, जिसमें आपकी त्वचा थोड़े समय के लिए अत्यधिक ठंड के संपर्क में आ जाती है। ऐसा कहा जाता है कि यह त्वचा को शांत करता है। इसके अलावा आपकी त्वचा का रंग बेहतर होगा, आंखें कम फूली होंगी और उम्र बढ़ने के संकेत भी कम होंगे। मूल रूप से, फेशियल आइसिंग त्वचा को ठंडा करने और सुखदायक गुणों से लाभान्वित करने का आसान तरीका है। इसे नियमित रूप से करने से प्रभावशीलता और भी बढ़ जाएगी।

**चेहरे पर आइस क्यूब के लगाने के लाभ–**

**1. पोर्स को कम करता है**

बर्फ पोर्स खोलने में मदद करता है जो गंदगी और अतिरिक्त सीबम से भरने लगते हैं। साथ ही बढ़े हुए छिद्रों की उपस्थिति को कम भी करता है। जब आप अपने चेहरे पर बर्फ लगाते हैं, तो आपकी त्वचा मुलायम दिखते हैं।

**2. अत्यधिक तेल कम कर देता है**

# भिंडी को लंबे समय तक स्टोर करने के टिप्स, नहीं होगी जल्दी खराब



**अक्सर** लोग बाजार से पूरे हफ्ते की सब्जी ले आते हैं। इससे उनके समय की बचत होती है और बार बार मार्केट के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। लेकिन ज्यादा सब्जी का इस्तेमाल सही समय पर न कर पाने के कारण वह खराब भी हो जाती है। बाजार से सब्जी ले तो आते हैं लेकिन अगर उन्हें एक दो दिन में पकाते नहीं हैं तो सब्जी का ताजापन खत्म हो जाता है। गर्मियों में तो अक्सर कच्ची सब्जी सूख जाती है, या फिर सड़-गल जाती है। ऐसे में सब्जी और पैसों की बबार्दी होती है। उन्हें फ्रिज में सही तरीके से स्टोर करके कुछ दिनों के लिए ताजा बनाए रखा जा सकता है और सड़ने से बचाया जा सकता है। कई ऐसी सब्जियां हैं, जिन पर खास ध्यान देने की जरूरत है, जैसे भिंडी। भिंडी बहुत जल्दी खराब हो जाती है। दो दिन फ्रिज में या बाहर भिंडी को रख दीजिए, तो वह सूख जाती है या फिर लसलसी हो जाती है। इस तरह की भिंडी बनाने योग्य नहीं रह जाती है। अगर आप ज्यादा भिंडी घर ले आए हों तो उसे स्टोर करने का सही तरीका जानकर खराब होने से बचा सकते हैं। भिंडी को लंबे समय तक हरी भरी और फ्रेश बनाए रखने के आसान टिप्स के बारे में जान लीजिए।

**भिंडी खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान**

-भिंडी को लंबे समय तक फ्रेश रखना है तो सबसे जरूरी है कि भिंडी खरीदते समय ही कुछ बातों का ध्यान रखें। भिंडी नरम होनी चाहिए, साथ ही उसमें बहुत सारे बीज न हों। इस बात का अंदाजा लगाने के लिए भिंडी को उंगलियों से हल्के से दबाकर देख लीजिए। पहले से ही अगर आप फ्रेश भिंडी खरीदकर लाते हैं तो उसे स्टोर करना आसान होगा।

-भिंडी खरीदते समय उसके साइज और रंग से पता लगा सकते हैं कि वह आर्टिफिशियल फार्मिंग की है या देसी भिंडी है। छोटे साइज की भिंडी देसी होती है। सबसे अच्छी भिंडी पूसा ए-4 है, जिसका साइज मीडियम होता है और रंग डार्क ग्रीन होता है। इस तरह की भिंडी में कम लस होता है, जिसके कारण यह स्वाद में अच्छी लगती है और कई दिन तक स्टोर करने योग्य होती है।

-भिंडी को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए उसे नमी से दूर रखना चाहिए। भिंडी खरीदकर लाएं तो पहले उसे फैलाकर सूखा लें ताकि उसपर लगा पानी सूख जाए। सब्जी में जरा सा भी पानी होने से वह जल्दी खराब हो जाती है।

-भिंडी को सूखे कपड़े में लपेटकर एयरटाइट कंटेनर में रखें। ताकि भिंडी में नमी न आने पाए। इससे भिंडी जल्दी खराब नहीं होती।

**भिंडी को फ्रिज में रखने के टिप्स**

-अगर भिंडी को फ्रिज में रख रहे हैं तो उसे पॉलीथिन या वेजिटेबल बैग में रखकर फ्रिज में रखें। पॉलीथिन में भिंडी रख रहे हैं तो उसमें 1-2 छेद जरूर कर दें।

-फ्रिज की वेज बास्केट में भिंडी रखनी है, तो पहले वेज बास्केट में अखबार या पेपर बिछा लें। फिर एक एक करके भिंडी को व्यवस्थित कर के रखें। इससे सब्जी का पानी पेपर पर निकल जाएगा और वह ताजी बनी रहेगी।

**भिंडी को सड़ने से बचाने के उपाय**

-भिंडी को किसी ऐसी सब्जी या फल के साथ न रखें, जो नमीयुक्त हो। इससे दोनों ही चीजें जल्दी खराब हो सकती हैं।

-सब्जी को समय पर ही बना कर सेवन करें। अधिक दिनों तक रखी सब्जी भले ही आप खराब होने से बचा सकते हैं लेकिन उनकी ताजगी चली जाने और पौष्टिकता भी खत्म होने से स्वाद भी अच्छा नहीं लगता।

# घर के कामों में अगर चाहिए बच्चों का साथ तो करनी होगी खेल और काम की जुगलबंदी

**घर** के कामों को खेल बना देंगे तो बच्चों को ये काम सीखने में भी मजा आएगा और इन कामों को जिम्मेदारी से पूरा करने में भी।

खाना बनाना हो, सफाई करना या फिर घर के बाकी काम-काज ये जीवन कौशल हैं और हर किसी को सीखने ही चाहिए। इसलिए अपने बच्चे को ये गुण बचपन से ही सिखाएं। ये कौशल उनके शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएंगे। पर इन कामों को सीधे तौर पर बच्चों को नहीं सिखाया जा सकता इसलिए आप खेलों की मदद ले सकती हैं। इससे न सिर्फ बच्चे काम को मस्ती में सीखेंगे बल्कि आपके साथ उनका रिश्ता भी बेहतर होगा। हालांकि ये ध्यान रखें कि इन कामों को बच्चे बोझ ना समझें।



संगीत की धुन पर थिरकेगा सामानः अगर आप चाहती हैं कि बच्चा घर की सफाई में आपका हाथ बंटाए तो इसके लिए आप संगीत की मदद ले सकती हैं। इसके लिए कुछ ऊर्जा से भरे संगीत चालू करें और अपने बच्चे को संगीत बंद होने से पहले इधर-उधर बिखरा सामान या खिलौने उठाने को कहें। जब संगीत बंद हो तो उसे मूर्ति की तरह स्थिर खड़ा रहने को कहें। इसके बाद फिर से संगीत चालू करें और उसे अपना टास्क पूरा करने का मौका दें। ऐसा करने से न सिर्फ बच्चे की काम में भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि वह फुतीर्ला भी रहेगा।

पासे के खेल से बंटेगा सबमें कामः बच्चा घर के काम में तभी दिलचस्पी लेगा जब परिवार के अन्य सदस्य उसके साथ जुड़ेंगे। इसलिए इस खेल में परिवार के कुछ और लोगों को भी शामिल करें। सबसे पहले सफाई के कामों की एक लिस्ट बनाएं और हर काम को एक नंबर दे दें। अब प्रत्येक सदस्य पासा फेंकेगा और जो भी नंबर आएगा उसे वह काम करना होगा। इससे बच्चों में जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। हालांकि कामों का चुनाव ऐसा रखें कि बच्चे भी आसानी से कर पाएं, जैसे- खिलौने उठाना, कपड़े सुखाना या तह करना, फर्नीचर पोंछना आदि।

खिलौने करेंगे लोरी सुनकर आरामः खिलौने सही जगह रखने के इस बोरिंग काम को बच्चों के लिए इस खेल से मजेदार बनाया जा सकता है। सबसे पहले बच्चे से कहें कि उनकी तरह खेलने के बाद खिलौनों को भी आराम करना होता है। इसलिए लोरी सुनाते हुए सुलाने के लिए टोकरी, कैबिनेट या दराज में सही तरह से रखें। शुरूआत में इस खेल में आपको भी शामिल होना होगा, पर बाद में धीरे-धीरे बच्चा खुद खिलौनों को जगह पर रखना शुरू कर देगा।

टाइमर लगाकर सेट करेंगे सामानः बच्चों की उम्र के आधार पर, एक निश्चित समय के लिए टाइमर सेट करें। और उन्हें घर के छोटे-मोटे कामों जैसे जूतों को जगह पर रखना, मोजों की जोड़ी बनाकर रखना, अपने स्कूल की चीजों को सही जगह पर रखना इत्यादि को समयावधि में करने को कहें। वैसे इस खेल में अगर आप भी बच्चे के साथ प्रतियोगिता करेंगी तो उसे ज्यादा मजा आएगा। और ऐसा अगर आप कुछ दिन नियमित तौर पर अपने बच्चे के साथ करेंगी तो कुछ दिनों में बच्चे में चीजों को व्यवस्थित ढंग से रखने की आदत पड़ जाएगी।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### सम्मान समारोह में देश के पाँच राज्यों के सैकड़ों की संख्या में जुटेंगे कलाकार

**साहिबगंजः** दलसिंघसराय समस्तीपुर रविवार को बिहार के समस्तीपुर जनपद के दलसिंघसराय की कला व सामाजिक कार्य करने वाली प्रतिष्ठित संस्था विजुअल आर्ट फाउंडेशन द्वारा व नगर परिषद् के सहयोग से आयोजित ₹सृजनोत्सव₹एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।फाउंडेशन के अध्यक्ष चित्रकार मो.सुलेमान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष 14वीं शारदीय नवरात्र महोत्सव एवं द्वितीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव-2024 में देश भर से सैकड़ों की संख्या में पद्मश्री,चित्रकला, मूर्तिकला,कला लेखन,फिल्म, नृत्य,फैशन और संगीत से जुड़े कलाकार लोग शामिल हो रहे हैं। जिसमे सुप्रिया कुमारी सिंगर दलसिंहसराय समस्तीपुर बिहार,उदयन झा सिंगर पटना बिहार,अपूर्वा राय सिंगर समस्तीपुर बिहार,रूबी खातून फिल्म अभिनेत्री पटना बिहार,मियाजुद्दीन गएन मूर्तिकार कोलकाता प्रबीर सरकार पैरा एथलेटिक्स कोलकाता,जूही कुमारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी समस्तीपुर बिहार,दीक्षा झा चित्रकार मधुबनी बिहार,उदय प्रताप पॉल मूर्तिकार वाराणसी उत्तर प्रदेश,मनीष कुमार सिन्हा मूर्तिकार पटना बिहार,सुमित ठाकुर चित्रकार कानपुर,संजय के राज चित्रकार लखनऊ,राघवेंद्र प्रताप सिंह कथक नृत्य लखनऊ,डॉक्टर राजीव सिंह कॉमेडियन समस्तीपुर बिहार,मानवेंद्र सरकार मूर्तिकार कोलकाता,श्याम सहनी फिल्म अभिनेता,जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी बेगूसराय,पद्मश्री शिवन पासवान मिथिला गोदना कलाकार मधुबनी बिहार,हीरो राजन कुमार फिल्म अभिनेता मुम्बई,पद्मश्री शांति देवी मिथिला कला मधुबनी बिहार,अमृत प्रकाश साह मूर्तिकार साहेबगंज झारखंड,भूपेंद्र कुमार अस्थान आजमगढ़ उत्तर प्रदेश,प्रमोद प्रकाश चित्रकार बेगूसराय बिहार,सुनील कुमार विश्वकर्मा चित्रकार वाराणसी राजेश कुमार मूर्तिकार अररिया बिहार,अनिल शर्मा चित्रकार वाराणसी उत्तर प्रदेश,स्वाति दासगुप्ता अभिनेत्री व मॉडल,कोलकाता,सुप्रिया पंडित गायिका लक्खीसराय, बिहार लोग विशेष रूप से सिरकत करेंगे।इस बार यह सम्मान समारोह एक दिवसीय है।जिसमे रविवार 10 नवम्बर 2024 को दलसिंहसराय स्थित भाव्या रिसॉर्ट में प्रातः 10:30 बजे से अंतर जिला स्तरीय शारदीय नवरात्र महोत्सव 2024 में सम्मिलित सभी दुर्गा पूजा समितियों एवं कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में सम्मिलित सभी पूजा समितियों,कलाकारों के उत्साहवर्धन के लिए सम्मान एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया जायेगा।इस समारोह में,सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों,कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समितियों मूर्तिकारों एवं पुरोहितों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।साथ ही देश के अनेक राज्यों से आने वाले राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के चित्रकारों, मूर्तिकारो,कला समीक्षको,फिल्म अभिनेताओं-अभिनेत्रियों,फैशन से जुड़े मॉडल्स,खेल और सामाजिक सेवाओं आदि से जुड़े महत्त्वपूर्ण हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा।इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ,आजमगढ़,कानपुर, बनारस के आलावा बिहार, महाराष्ट्र झारखण्ड कोलकाता से भी कलाकारों की बड़ी संख्या में उपस्थिति होगी।इस प्रकार के आयोजन से कला और कलाकारों का आपसी कलात्मक परिचय और उत्साहवर्धन के साथ साथ कला के उन्नति और विकास की भी एक श्रृंखला जुड़ती है।विजुअल आर्ट्स फॉउंडेशन पिछले 13 वर्षो से लगातार बिहार के समस्तीपुर जनपद के दलसिंघसराय में इस प्रकार के कलात्मक व सामाजिक कार्यक्रमों और सम्मान समारोह को बिना रूकावट आयोजन करती आ रही है।इस संस्था के अध्यक्ष स्वयं एक चित्रकार हैं,जिस कारण से इनके स्थानीय सक्रीय सदस्यों के प्रयास से भी यह आयोजन बहुत ही कलात्मक और सफलता पूर्वक सफल होता रहा है।

### पहले दिन होम वोटिंग से 70 मतदाताओं ने माताधिकार का किया प्रयोग

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत शुरू हुई होम वोटिंग प्रक्रिया के पहले दिन 85 प्लस व दिव्यांग सहित कुल 70 मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिये अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राजमहल विधानसभा से साहिबगंज, राजमहल व उधवा के कुल 37 चिन्हित 85+ मतदाताओं में 25, बोरियो विधानसभा के मंडरो, बोरियो, तालझारी व बोआरीजोर के 19 में 09 व बरहेट विधानसभा के बोआरीजोर, सुंदर पहाड़ी, बरहेट व पतना के 11 में 06 वोटर ने होम वोटिंग की। वहीं राजमहल विधानसभा से 37 दिव्यांगों में 18, बोरियो विधानसभा से 09 में 04 एवं बरहेट विधानसभा से 11 में 8 दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग से अपने माताधिकार का प्रयोग किया।

### अलकतरा लदा ट्रक पलटा

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के जलेबिया घाटी में अलकतरा लदा ट्रक डब्ल्यूबी 25 एल 1581 पलट गया।बताया जा रहा हैं। कि अलकतरा लदा ट्रक साहिबगंज की ओर आ रहा था।तीखा मोड़ होने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। हालांकि दुर्घटना में चालक को कोई चोट नहीं पहुंची। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रदीप हांसदा को तीन अज्ञात युवकों ने चलती ट्रेन से धक्का देकर गिराया, घायल

साहिबगंजः रेल थाना अंतर्गत गोड्डा जिला के महागामा निवासी प्रदीप हांसदा को तीन अज्ञात युवकों ने चलती ट्रेन से धक्का देकर गिरा दिया। जिससे प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया एक स्थानीय युवक की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां डॉक्टर मोहन मुर्मू ने उसे प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल युवक ने बताया कि वह ट्रेन में बैठ कर काम करने के लिए कही जा रहा था।तभी तीन अज्ञात युवकों ने पीछे से धक्का मार दिया। जिससे वह ट्रेन से नीचे पटरी पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया । कुछ देर बाद एक युवक आया और घायल अवस्था में देख उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया । इसी दौरान घायल युवक ने उक्त युवक को एक मोबाइल नंबर देकर उसके स्वजनों को घटना की जानकारी देने को कहा।

### जानी पहाड़िन की मौत घर के आंगन में बने गड्ढे में जमा पानी में डूबने से हो गई

**साहिबंगज :** बोरियो थाना क्षेत्र के डोगरा पहाड़ निवासी महेश पहाड़िया कि 16 माह की पुत्री जानी पहाड़िन की मौत घर के आंगन में बने गड्ढे में जमा पानी में डूबने से हो गई। वही स्वजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर मोहन मुर्मू ने उसे मृत घोषित कर दिया।स्वजनों ने बताया कि घर के आंगन में एक गड्ढा है। जिसमें हमेशा पानी जमा रहता है ।शनिवार कि दोपहर लगभग 12 बजे के करीब जानी पहाड़िन घर के आंगन में खेल रही थी। तभी अचानक खेलते खेलते पानी से भरा हुआ गड्ढा में गिर गई और डूब गई। लेकिन तुरंत उसे गड्ढे से निकाल लिया गया और तुरंत आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचा लेकिन डॉक्टर ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### राहुल कुमार को पास के ही रहने वाले कुछ युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से किया घायल

**साहिबंगज :** नगर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली पुरानी साहिबगंज निवासी आनंद राज एवं राहुल कुमार को पास के ही रहने वाले कुछ युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में ही आनंद राहुल अपने शिकायत को लेकर नगर थाना पहुंचे और थाना प्रभारी से इसकी शिकायत की। वहीं नगर पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।वही घायल आनंद राज ने बताया कि हम अपने घर के पास पटाखा जला रहे थे तभी बगल के रहने वाले गोपाल पंडित ,गिरिधर पंडित सहित अन्य ने मारपीट करना शुरू कर दिया और दोनों ने धारदार हथियार से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

# विकास के लिए लाल सूरज को वोट करें : इमरान प्रतापगढ़ी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पलामू :** असेंबली का यह चुनाव नहीं चुनौती है जो आनेवाले हिंदुस्तान का भविष्य तय करेगी. उक्त बातें राज्यसभा सांसद सह कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रताप गढ़ी ने कही. वे पांकी सिंचाई विभाग के मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी (इण्डिया गठबंधन) लाल सूरज के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा एक तरफ वैसी शक्तियां हैं जो झारखंड को रिमोट से चलाना चाहती और एक तरफ वैसे लोग है जो झारखंड को झारखंड से चलाना चाहते हैं. फैसला आपको करना है कि आप क्या चाहते हैं ? देश का संविधान खतरे में है. भाजपा संविधान को बदलना चाहती है लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी के रहते यह नहीं हो सकता.झारखंडी पर्यटन स्थल



राहुल गांधी संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं

कहा कि राहुल गांधी सड़क से सदन तक संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं. इस लड़ाई को आगे बढ़ाने में आपका साथ चाहिए. उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि केंद्र की सरकार चन्द्र बाबू नायडू और नीतीश कुमार की वैशाखी के सहारे चल रही है. अगर महाराष्ट्र और झारखंड में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनती है तो इस सरकार की आयु दो वर्ष कम हो जायेगी. गढ़ी ने कहा कि एक चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को भाजपा ने बगैर कोई गलती के जेल में डाल दिया. यह चुनाव बदला लेने का चुनाव है. इसलिए आने वाले तरह तारीख को पंजा छाप क्रम संख्या तीन पर अपना एक एक कीमती वोट देकर अपने भाई, अपने बेटा लाल सूरज को विजयी बनाएं. इनके नाम में सूरज लगा है इसलिए ये अगर विधायक बनते हैं तो निश्चित ही विकास रूपी रौशनी से पांकी विधानसभा को प्रकाशित करेंगे. भाजपा की नफरती राजनीति को ठुकराकर मुहब्बत की राजनीति करने वालों को अपनाएं.

जुड़ेंगे तो पढ़ेंगे, विकास के पथ पर आगे बढ़ेंगे

उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनती है तो प्रत्येक जिले में एक एक इंजिनियरिंग कॉलेज,प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त सात 7 किलो राशन,चार सौ पचास 450 रुपए में गैस देने का काम करेगी. आज कल एक नारा काफी प्रचलित हो रहा है को बटोगे तो कटोगे लेकिन मैं कहता हूं जुड़ेंगे तो पढ़ेंगे, तो आगे बढ़ेंगे, विकास के पथ पर आगे बढ़ेंगे. इन दिनों भाजपा के नेता शोर मचा रहे हैं कि झारखंड में घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है. मैं आपको बताना चाहता हूं कि भाजपा वाले प्रोपगंडा फैला रहे हैं. इनका काम ही आपसी नफरत फैलाना, लोगों को जाती धर्म पर बांटना है. लेकिन इनकी एक नहीं चलने वाली है. पांकी की जनता काफी समझदार है. उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से विशेष निवेदन किया कि आपलोग एकजुट होकर लाल सूरज को जिताएं. ये आपको निराश नहीं करेंगे.

नई पार्टियां की बुनियाद का ईंट, गारा मत बनिए

कहा कि आजकल नई-नई पार्टियां मुस्लिम वोटरों को बरगला रही हैं. मै खासकर मुस्लिम भाइयों से विनम्र निवेदन कर रहा हूं कि नई नई पार्टियां की बुनियाद का ईंट, गारा मत बनिए और एक रहिए. अपने वोट को बर्बाद मत कीजिए और अपने लाल सूरज को विजयी बनाइए. मैं इस मंच से आपको आश्वस्त कर रहा हूं. भाजपा की बांटने की राजनीति से सावधान रहने की जरूरत है.आज मुझसे मीडिया वालों ने पूछा कि झारखंड में सात जगहों पर रेड चल रही तो मैने कहा कि इसका मतलब भाजपा झारखंड में हार रही है. उन्होंने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी. कितने लोगों को नौकरी मिली. सब इनका घोषणा जुमला साबित हुआ।दस वर्षों में बीस करोड़ नौकरियां अभी मोदी जी के पास उधार है. उन्होंने अपनी शायरी से लोगों को खूब रिझाया.

विधानसभा चुनाव क्षेत्र की दिशा-दशा तय करेगीः धीरज साहू

शनिवार को पांकी सिंचाई विभाग के मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज के पक्ष में महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह चुनाव आने वाले 13 तारीख को क्षेत्र की दिशा दशा तय करेगी.उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर बांटने की भाजपा की नीति रही है. झारखंड में अठारह साल भाजपा की ही सरकार थी. भाजपा वाले बताएं कि अठारह सालों में अपने झारखंड में कितना विकास किया. भाजपा के सारे आरोप राजनीति से प्रेरित रहते हैं. साहू ने कहा कि पांकी मेरी कर्मभूमि रही है. यहां के लोगों से काफी लगाव रहा है. मैं उपस्थित भीड़ सहित क्षेत्र की जनता से निवेदन करता हूं कि आनेवाले 13 तारीख को पहले मतदान करें फिर जलपान करें. जलपान तो रोज करना है लेकिन यह लोकतंत्र का महापर्व पांच वर्षों में एक ही बार आता है. इसलिए 13 नवंबर को अपने प्रत्याशी लाल सूरज को पंजा छाप पर अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाएं ताकि पांकी का सर्वांगीण विकास हो सके.

इंडिया गठबंधन की सरकार गांव की सरकारः लाल सूरज

प्रत्याशी लाल सूरज ने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार आपकी सरकार है. गांव की सरकार है. इसलिए पुनः राज्य में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए मुझे आप अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाने का कार्य करें. मै विधानसभा में आपकी आवाज बनूंगा. गरीब गुरबों की आवाज बनूंगा. सूरज ने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार में गरीबों का दो लाख तक का कृषि ऋण, बिजली बिल, माफ किया गया. बिजली सौ यूनिट से दो सौ यूनिट फ्री कर दी गई. उन्होंने निवर्तमान विधायक पर जमकर हमला बोला. कहा कि हिन्दू मुस्लिम को आपस में लड़वाकर वोट लेना चाहते हैं. पांकी विस क्षेत्र की जनता इनके मंसूबों को समझ गई है. इनकी अब एक नहीं चलने वाली है.

सूरज ने डॉ शशिभूषण मेहता को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये नकारा विधायक साबित हुए. क्षेत्र में कुछ बदला चाहे नहीं बदला. सड़क का रंग काला हुआ या नहीं हुआ लेकिन इनके कपड़ों का रंग लाल, पीला गेरूआ जरूर हो गया. ये अपना कपड़ा बदलने में व्यस्त रहे. इनकी सारी चुनावी घोषणाएं झूठ साबित हुई. सूरज ने कहा कि मेरे पिता के कार्यकाल में बने अमानत बारह अपनी बदहाली पर आठ आठ आंसू बहा रहा है. अगर मैं विधायक बना तो अमानत बराज को चालू कर क्षेत्र की जनता को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराउंगा.

सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन बनाम एनडीए में है

उन्होंने कहा कि सीधा मुकाबला इण्डिया गठबंधन बनाम एनडीए गठबंधन में है. सूरज ने हाथ जोड़कर उपस्थित जनसमूह से निवेदन किया कि आने वाले 13 तारीख को आप अपना एक एक कीमती वोट मुझे क्रम संख्या 3 हाथ छाप पर बटन दबाकर विजयी बनाएं. मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी उम्मीदों, आकांक्षाओं को निराश नहीं होने दूंगा. खरा उतरने का काम करूंगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता ,संचालन नीलांबर पीतांबरपुर के राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष तनवीर आलम ने किया. सभा को पूर्व प्रत्याशी रुद्र शुक्ला,सज्जाद खान, अमुक प्रियदर्शी, अख्तर कमर, विकास सिंह, रामाशीष पाण्डेय, विश्राम दुबे, मंजूर अंसारी, चंद्रशेखर शुक्ला, जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, जीशान खान सहित कई लोगों ने संबोधित किया. मौके पर हजारों लोग उपस्थित थे.

## हरिहरा पंचायत के मुखिया अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर थामा सपा का दामन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र के हरिहरा पंचायत के मुखिया अहमद हुसैन अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व विधायक अकील अख्तर की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। पूर्व विधायक सह पार्टी के प्रत्याशी अकिल अख्तर ने मुखिया अहमद हुसैन का माला पहनाकर पार्टी में जोरदार स्वागत किया।दरअसल पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत हरिहरा पंचायत के वर्तमान मुखिया अहमद हुसैन अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अकील अख्तर के मौजूदगी में समाजवादी पार्टी के विचारधाराओं से प्रभावित होकर थामा सपा पार्टी का दामन थामा। पूर्व विधायक अकील अख्तर ने



कहा कि मुखिया अहमद हुसैन का पार्टी में शामिल होने से हरिहरा पंचायत सहित अन्य पंचायत में पार्टी मजबूत होगी। वहीं मुखिया अहमद ने कहा कि अकिल अख्तर हमेशा विकास के पक्षधर रहे हैं।उनके कार्य कुशालता को देखते हुए उनके विचारधारा से प्रभावित होकर उनके कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा और 2024 चुनाव फतह कर अकिल अख्तर को विधानसभा भेजने का काम करेंगे।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली मिंटू,वरिष्ठ कार्यकर्ता मुजीबुर रहमान,अब्दुल मालिक, पंचायत अध्यक्ष अब्दुल बशीर, सचिव अबू ताहिर,मास्टर मंजारुल,बकसार अली, सरफराज अहमद,वासिम अख्तर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सामान्य प्रेक्षक द्वारा अंतर जिला चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा सामान्य प्रेक्षक खलील अहमद ड्राबु के द्वारा विधानसभा आम चुनाव-2024 निष्पक्ष, निर्भिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अंतर जिला चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।सामान्य प्रेक्षक श्री अहमद ड्राबु द्वारा वाहनों के आवागमन रोस्टर, चेक नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्डिंग को देखा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने जाने वाले वाहनों को गहनता पूर्वक जांच किया जाए।सामान्य प्रेक्षक द्वारा बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र



संख्या49 उत्क्रमित मध्य विद्यालय टेशोबथान पूर्वी भाग, मतदान केंद्र संख्या 50 उत्क्रमित मध्य विद्यालय टेशोबथान, मतदान केंद्र संख्या 52, +2 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदरपहाड़ी दक्षिणी भाग, बूथ का निरीक्षण कर बूथों पर मूल भूत सुविधाओं का जायजा लिया।साथ ही राजमहल, बोरियो अ०ज०जा० बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा चुनाव हेतु होम वोटिंग 09.11.2024, को प्रारंभ किया गया जिसका 03 -बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रखंड सुंदरपहाड़ी के मतदाताओं का सामान्य प्रेक्षक के द्वारा जायजा लिया गया।

## गठबंधन कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक बरहरवा में आयोजित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवाः** झामुमो नगर कमेटी बरहरवा की एक महत्वपूर्ण बैठक झामुमो जिला कोषाध्यक्ष शक्ति नाथ अमन की अवासीय प्रांगण में अययोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम,एवं बरहरवा 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक दास शामिल हुए! कार्यकर्ता को संबंध संबोधित करते हुए आलम ने कहा एक-एक कार्यकर्ता अभी से ही लगकर डोर टू डोर कैंपेन चलकर महागठबंधन प्रत्याशी निशात आलम की जीत सुनिश्चित करेंगे! वही वि सूत्री अध्यक्ष श्री दास ने कहा महागठबंधन प्रत्याशी निशात आलम 100000 वोट से जीत दर्ज करेगी एवं हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करेंगे! मौके पर झामुमो जिला कोषाध्यक्ष शक्ति नाथ अमन,नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो,नगर सचिव मोहम्मद इकबाल हुसैन,नगर कोषाध्यक्ष दिनेश सेन,नगर उपाध्यक्ष बप्पन शाह, जहरूलशेख,युवा नगर अध्यक्ष चंदन महतो अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अजहरुद्दीन शेख, बुद्धिजीवी मोर्चा नीलकंठ शाह, धोनी,विकास रजक,उत्तम रजक, दिवाकर,कुंदन दास,सुशील सेन, वरुण मंडल,बामा दास, जितेन शाह, मुन्ना शाह,अनवर शेख, लतीफ शेख,उज्जवल कुमार दास,सिराज अंसारी, विवेक कुमार, प्रशांत मंडल,संजय कुमार, सहित अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे!

## आप सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं को मैं तहे दिल से धन्यवाद करती हूं : निसात आलम

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर पंचायत में शुक्रवार की शाम दो चुनावी कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन राजमहल रोड स्थित बसीर गैरेज प्रांगण में एवं हाटपाड़ा चौक में किया गया।कार्यालयों के उद्घाटन का नेतृत्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोज घोष ने किया।दोनों चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन महागठबंधन के प्रत्याशी निसात आलम एवं सांसद विजय हांसदा की माँ शान्ति सरोजिनी मुर्मू के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया। साथ ही सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे को मीठा खिला कर बधाई दी।पाकुड़ विधानसभा प्रत्यासी निसात आलम ने उपस्थित कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि आप सभी सम्मानित कार्यकताओं को मैं तहे दिल से धन्यवाद करती हूं।आप सभी जिस प्रकार से तन मन लगा कर कार्य कर रहे उम्मीद करती हूं कि आप सबों कि मेहनत रंग लायेगी आप लोगों किसी अफवाह में पड़ने की जरूरत नही है। कोई नही टक्कर में जीत हमारी ही



होगी।निश्चित तौर पे हम नही आप सभी जीत रहे हैं।वही वर्तमान सांसद विजय हांसदा कि मां ने कहा की केंद्र के घटिये रवैये की वजह से हमारे ईमानदार पूर्व विधायक आलमगीर आलम के साथ अन्याय किया जा रहा है जिसका जवाब हम सभी को चुनाव जीत कर देंगे इस मुश्किल घड़ी में हम सभी निसात आलम के साथ है। हम सभी क्षेत्र वासियों से अपील करते हैं।कि बैलेट संख्या 2 पर कांग्रेस चुनाव चिन्ह पर वोट देकर हमारे महागठबंधन प्रत्याशी को भारी से भारी संख्या में जिताये।इस बार की जीत सिर्फ प्रत्याशी की जीत नही क्षेत्र वासियों की जीत है।मौके पर जिलाध्यक्ष बरकत खान, कमल आर्य मो.नसीरुद्दीन, गुलाम रब्बानी, रणजीत टुडू, परवेज आलम, इस्तेखार आलम, शक्तिनाथ अमन, संतोष झा, अश्विनी आनंद, सहनवाज नसीर, भोला महतो, मिठुन कुमार मंडल, अनन्तलाल भगत, निताय सरकार, नसीम अख्तर, अख्तारुल, हेमातुर रहमान, अंजुम परवेज, बापन साव, मानिक रविदास, मो नईम, सनाउल सेख, पवन भगत, लाडला, अहमद अंसारी, थोमस रॉबर्ट, अजीत, दीपक गुप्ता, कृष्णा, रितेश, जहरुल, समीम सेख, संतोष भगत, सपन भगत, दिलीप भगत, इकबाल, धर्मवीर महतो, अजय गुप्ता, चंदन मिश्रा, सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# नानी के निधन से टूटीं कंगना, शेयर किया भावुक पोस्ट



**बॉलीवुड** अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी नानी इंद्राणी ठाकुर के निधन पर शोक जताया है। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नानी के साथ बैठी अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, कल रात, मेरी नानी इंद्राणी ठाकुर का निधन हो गया। पूरा परिवार शोक में है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। कंगना ने लिखा, मेरी नानी एक असाधारण महिला थीं, उनके 5 बच्चे थे। नाना जी के पास सीमित संसाधन थे, फिर भी उन्होंने सुनिश्चित किया कि उनके सभी बच्चे अच्छे संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करें, और उन्होंने जोर दिया कि उनकी विवाहित बेटियों को भी काम करना चाहिए और अपना करियर बनाना चाहिए। उनकी बेटियों को भी सरकारी नौकरी मिली, जो उस समय एक खास उपलब्धि हुआ करती थी। उन्हें अपने बच्चों के करियर पर बहुत गर्व था। हम अपनी नानी जी के बहुत आभारी हैं, उनकी लंबाई 5 फीट 8 इंच थी। मेरी नानी जी इतनी स्वस्थ और जीवंत थीं कि 100 साल से अधिक उम्र होने के बावजूद भी वे अपना सारा काम खुद ही करती थीं। कंगना ने बताया कि उनकी नानी की उम्र 100 साल से ज्यादा थी फिर भी वो अपना सारा काम खुद ही करती थीं। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले वो अपना कमरा साफ कर रही थीं और तब उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था, जिस वजह से वो पूरी तरह बिस्तर पर चली गईं थीं और उनको उस हालत में देखना बहुत ज्यादा दर्दनाक था। उन्होंने एक शानदार जीवन जिया और हम सब के लिए एक प्रेरणा बनीं। वो हमारे डीएनए में हमेशा रहेंगी और हमारी यादों में हमेशा रहेंगी।



# सूर्या की फिल्म कंगुवा रिकॉर्ड तोड़ रिलीज के लिए तैयार

**स्टूडियो** ग्रीन की फिल्म कंगुवा 10,000 स्क्रीन पर रिलीज होगी। मच अवेटेड एपिक फिल्म कंगुवा 10,000 स्क्रीन पर ग्लोबल रिलीज के जरिए एक नया रिकॉर्ड कायम करने वाली है। निर्देशक शिव की इस भव्य फिल्म में दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार सूर्या का शानदार एक्शन देखने को मिलेगा, और इसे इंडिया और इंटरनेशनल मार्केट्स में बड़ा धमाका करने की उम्मीद है। कंगुवा अपनी 10,000 स्क्रीन की रिलीज के साथ, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली हाल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों जैसे जवान, आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 की लिस्ट में शामिल हो रही है। इसके मेगा प्रोडक्शन, बेहतरीन विजुअल्स और दिलचस्प कहानी ने पहले से ही दुनियाभर के दर्शकों में खासा उत्साह पैदा कर दिया है।

कंगुवा इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्म है। फिल्म की शूटिंग अलग अलग कॉन्टिनेंट्स के सात अलग देशों में की गई है। मेकर्स ने टेक्निकल डिपार्टमेंट जैसे एक्शन और सिनेमेटोग्राफी के लिए हॉलीवुड एक्सपर्ट्स को हायर किया है। फिल्म में कुल 10 हजार लोगों से ज्यादा के साथ शूट किया गया, सबसे बड़ा वॉर सीक्वेंस भी है। इतना ही नहीं, स्टूडियो ग्रीन ने टॉप डिस्ट्रीब्यूशन हाउसेज के साथ हाथ मिलाया है, जिससे फिल्म को बड़े लेवल पर दुनिया भर में रिलीज किया जा सके।



## कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद अब महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रहे नाग अश्विन, आलिया से मिलाया हाथ?

**कल्कि** की सफलता के बाद फिल्म निर्देशक नाग अश्विनअब महिला प्रधान फिल्म बनाने वाले हैं। इसे लेकर वह बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के संपर्क में हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आलिया इस भूमिका में बिल्कुल फिट बैठती हैं और एसएस राजामौली की आरआरआर के बाद एक और विशाल पैन इंडिया फिल्म काम करने के लिए तैयार हो गई हैं। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अश्विन और आलिया दोनों ही इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिलहाल इस फिल्म की कहानी को गुप्त रखा गया है। फिल्म की कहानी गुप्त रखी गईः सूत्रों ने कहा, अश्विन ने एक शक्तिशाली महिला नेतृत्व पर केंद्रित एक स्क्रिप्ट तैयार की है। यह किरदार कुछ ऐसा है, जिसे आलिया के लिए तैयार किया गया है। हालांकि, इसकी कहानी अभी तक गुप्त रखी गई है। इस फिल्म को हैदराबाद स्थित प्रोडक्शन हाउस वैजयंती फिल्म्स द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। वर्तमान में आलिया शरवाई वाघ के साथ अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह यश राज फिल्म्स की पहली महिला प्रधान फिल्म है। अश्विन के साथ काम करना आलिया के करियर के लिए लाभदायकः अश्विन अपनी रचनात्मक कल्पना के लिए जाने जाते हैं। ऐसे फिल्म निर्देशक के साथ काम करना आलिया भट्ट के करियर के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है। वैजयंती फिल्म्स सर्वोच्च प्रोडक्शन मूल्य सुनिश्चित करने में कोई कमी नहीं छोड़े।

## 'सिकंदर' के सेट पर सलमान खान की बढ़ा दी गई सुरक्षा लॉरेंस गैंग की धमकी के बाद लिया यह एक्शन



**सलमान** खान और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग के लिए हैदराबाद के फलकनुमा पैलेस पहुंच चुके हैं। फिल्म की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकियों के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सलमान खान को हाल ही में एक नई धमकी मिली है जिसमें पैसे मांगे गए हैं। पुलिस इस धमकी की जांच कर रही है। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं। पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षाः गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से हाल ही में मिली धमकियों के मद्देनजर , हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म ' सिकंदर ' के सेट पर बॉलीवुड स्टार सलमान खान के लिए सुरक्षा उपायों को कथित तौर पर काफी बढ़ा दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने पीटीआई को बताया, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से अभिनेता को मिली धमकियों की पृष्ठभूमि में सलमान खान के 'सिकंदर' की शूटिंग हैदराबाद के पुराने शहर के एक स्टार होटल में कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही थी। मिली धमकी के बाद लिया गया यह एक्शनः उन्होंने आगे कहा, सुरक्षा कड़ी कर दी गई है क्योंकि सलमान खान को 'वाई प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। जबकि पुलिस ने कोई और विवरण साझा करने से इनकार कर दिया, रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सलमान खान के पास सरकारी सुरक्षा के अलावा अपनी खुद की सुरक्षा भी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि बॉलीवुड स्टार को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिली थी, लेकिन अब उन्हें फिर से धमकी मिली है। धमकी भरा यह संदेश गुरुवार रात मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर भेजा गया। गीतकार को भी मिली धमकीः संदेश भेजने वाले ने अभिनेता को धमकाया और पांच करोड़ रुपये की मांग की। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा व्यक्ति ने 'मैं सिकंदर हूं' गाने के गीतकार को भी धमकी दी है। ट्रैफिक अधिकारियों की शिकायत पर वर्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिछले कुछ महीनों में अभिनेता को मिली यह पांचवीं जान से मारने की धमकी है।

# अरबाज की पत्नी शूरा खान ने दी अरहान को जन्मदिन की बधाई, साझा की तस्वीर-लिखा प्यारा नोट



**अरबाज** खान और मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान खान ने 9 नवंबर को अपना 22वां जन्मदिन मनाया। स्टार किड को शहर में प्रशंसकों के साथ अपना जन्मदिन मनाते हुए भी देखा गया। हर तरफ से उन्हें शुभकामनाएं मिल रही हैं। इसी बीच अरबाज खान की दूसरी पत्नी शूरा खान ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अरहान खान को जन्मदिन की बधाई देने के लिए एक अनदेखी तस्वीर के साथ एक खास नोट शेयर किया है।

शूटा खान ने दी अरहान को जन्मदिन की बधाईः अरबाज खान की दूसरी पत्नी शूरा खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अरहान की एक तस्वीर साझा की है, जिसमें अरहान गिटार बजाते हुए नजर आ रहे हैं।

अरहान की मां मलाइका ने भी खास तस्वीरें साझा कींः मलाइका अरोड़ा ने भी अरहान के जन्मदिन पर कई तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन खास तस्वीरों के साथ मलाइका ने कैप्शन में लिखा, हैप्पी बर्थडे माय बेबी बॉय (बर्थडे केक) मामा तुमसे सबसे ज्यादा प्यार करते हैं (लाल दिल वाला इमोजी)

अरहान को लगातार मिल रही हैं शुभकामनाएंः संजय कपूर, श्वेता बच्चन, सीमा सजदेह, चंकी पांडे, शिबानी दांडेकर और सुजैन खान समेत कई बॉलीवुड सेल्ब्स अहरान को जन्मदिन की बधाई दी है। ट्विंकल खन्ना ने लाल दिल वाली इमोजी पोस्ट की। अरहान का जन्म 2002 में हुआ था। अरबाज और मलाइका 2016 में अलग होने से पहले 19 साल तक शादीशुदा रहे। 2017 में मलाइका और अरबाज अलग हो गए थे।

अरहान खान की बात करें तो उन्होंने हाल ही में अपने दोस्तों देव रैयानी और आरुष वर्मा के साथ डंब बिरयानी शो के पॉडकास्ट की मेजबानी की। पॉडकास्ट में उनके माता-पिता अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के साथ-साथ सोहेल खान और सोशल मीडिया सनसनी ओरहान अवत्रामणि उर्फ ओरी जैसे मेहमान नजर आ चुके हैं।

# क्या गौतम गंभीर से छिन सकती है कोचिंग की जिम्मेदारी?

## ऑस्ट्रेलिया में बीजीटी ट्रॉफी हारे, तो बीसीसीआई छीन सकता है जिम्मेदारी



**नई दिल्लीः** गौतम गंभीर का कोचिंग करियर अभी शुरू हुआ है, लेकिन शुरूआत अच्छी नहीं रही है। श्रीलंका में वनडे सीरीज हारने और न्यूजीलैंड से टेस्ट में घर पर क्लीन स्वीप होने के बाद, अब सबकी निगाहें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर टिकी हैं। बीसीसीआई के टॉप अधिकारी टीम के खराब प्रदर्शन पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंभीर के लिए करो या मरो का मामला बन गई है। यह सीरीज तय करेगी कि गंभीर भारत के कोच बने रहेंगे या नहीं। खबर है कि अगर भारत ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन नहीं करता है, तो बीसीसीआई गंभीर से टेस्ट कोच की भूमिका छीन सकता है। हालांकि, बीसीसीआई उन्हें व्हाइट-बॉल क्रिकेट का कोच बनाए रख सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में भी हार जाती है तो बीसीसीआई वीवीएस लक्ष्मण जैसे विशेषज्ञ को टेस्ट क्रिकेट का कोच बनाने पर विचार कर सकता है, जबकि गंभीर सिर्फ वनडे और टी20 के कोच बने रहेंगे। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि अगर ऐसा होता है, तो गंभीर इस बदलाव को स्वीकार करेंगे या नहीं। अगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी कड़ा मुकाबला रहता है, तो बीसीसीआई के लिए फैसला लेना मुश्किल हो सकता है। गंभीर ने बीसीसीआई चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर और भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा के साथ छह घंटे तक चली बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की 0-3 से टेस्ट सीरीज हार और इसके कारणों पर चर्चा की गई। ऐसा पता चला है कि कुछ फैसलों को लेकर गंभीर और भारतीय टीम के थिंक-टैंक के बीच कुछ मतभेद हैं। इसमें टीम का चयन सबसे खास है। हालांकि, आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए इस तरह के मतभेद टीम के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। गंभीर के लिए आगे का रास्ता आसान नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई टीम हमेशा से अपनी धरती पर मजबूत रही है। ऐसे में, गंभीर को अपनी रणनीति और टीम चयन में बेहद सावधानी बरतनी होगी।

# भारत-साउथ अफ्रीका में दूसरा टी-20 आज

## सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से टकराएंगे सूर्यकुमार-एडन मारक्रम

**एजेंसी/गकेबेरहाः** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा। यह मुकाबला गकेबेहरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में आयोजित होगा। टीम इंडिया ने सीरीज के पहले मैच में दमदार जीत दर्ज की। टीम इंडिया ने डरबन में पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय 61 रन से जीतकर साउथ अफ्रीका दौरे का आगाज जीत के साथ कर दिया है। लाजवाब जीत के मेहमान टीम सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम दूसरे मैच को जीतकर सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगी। उधर एडेन मारक्रम की नेतृत्व वाली साउथ अफ्रीका टीम भारत के खिलाफ




हार के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। बता दें कि प्रोटियाज टीम भारत के खिलाफ हार की हैट्रिक लगा चुकी है। सीरीज में बने रहने के लिए भी मेजबानों के लिए दूसरा मैच अहम हो गया है। अगर वे दूसरा मुकाबला भी हारते हैं, तो उनकी सीरीज जीतने की संभावनाएं भी खत्म हो जाएगी।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच डरबन में पहला टी-20 मैच भारतीय समयानुसार रात 8:30 बजे से शुरू हुआ था। लेकिन केबरहा में होने वाला दूसरा मैच एक घंटे पहले यानी शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। केवल दूसरे मैच की टाइमिंग अलग है। तीसरा और चौथा टी20 मुकाबला वापस से आठ बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे। टीम इंडिया इस सीरीज में चार मैच खेलेगी। भारत-दक्षिण अफ्रीका के दूसरे मुकाबले के दिन मौसम ठंडा रह सकता है। मौसम विभाग की मानें तो तापमान करीब 16 डिग्री सेल्सियस रहेगा। बारिश की संभावना बहुत ही कम है। बता दें कि पहले टी-20 में संजू सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विस्फोटक शतक जड़ा। उन्होंने 50 गेंदों का सामना करते हुए 107 रन बनाए। सैमसन की इस पारी में 10 छक्के और सात चौके शामिल रहे। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में 33 रन बनाए थे। उन्होंने तीन चौके और दो छक्के लगाए। इस तरह भारत ने 202 रन बनाए थे। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

**भारत—** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैशाख, आवेश खान, यश दयाल।

**दक्षिण अफ्रीका—** एडन मारक्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रूगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिले सिमलेन, ट्रिस्टन स्टब्स।

## न्यूज ब्रीफ



### लेबनान पर इजरायल का हवाई हमला, 26 की मौत, 19 घायल

**बेरूत:** पूर्वी और दक्षिणी लेबनान के कस्बों और गांवों पर इजरायली युद्धक विमानों द्वारा शनिवार दोपहर को किए गए हवाई हमलों की एक श्रृंखला में कम से कम 26 लोग मारे गए और 19 अन्य घायल हो गए। लेबनान में आधिकारिक और सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कस्बों और गांवों पर 19 हवाई हमले किए और पूर्वी लेबनान के गांवों और कस्बों पर 12 हमले किए। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय से संबद्ध सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार, दक्षिणी लेबनान में इजरायली छापे में कम से कम छह पैरामेडिक्स मारे गए और पांच नागरिक घायल हो गए, जबकि पूर्वी लेबनान में मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई और 14 घायल हो गए। इस बीच हिजबुल्लाह ने शनिवार को एक बयान में घोषणा की कि उसने पहली बार मिसाइलों से तेल अवीव के दक्षिण में मालम सैन्य कारखाने को निशाना बनाया है। इसमें कहा गया कि फैक्ट्री में वायु और मिसाइल रक्षा प्रणालियों का उत्पादन किया जाता है।

### पार्टी कार्यालय के अंदर मिला बीजेपी कार्यकर्ता का शव, एक महिला गिरफ्तार

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के उस्ती में बीजेपी कार्यकर्ता पृथ्वीराज नस्कर का शव शनिवार को पार्टी कार्यालय के अंदर मिला। पुलिस ने हत्या के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर नस्कर पर धारदार हथियार से हमला करने की बात कबूली है। नस्कर जिले में बीजेपी के सोशल मीडिया अकाउंट संभालते थे। उनके परिवार ने बताया कि वह 5 नवंबर से लापता थे और शुक्रवार रात उनका खून से लथपथ शव मिला। बीजेपी ने इस हत्याकांड के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

**पार्टी मृत कार्यकर्ता के परिवार के साथ खड़ी है:** मजूमदार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि टीएमसी के कार्यकताओं ने पार्टी समर्थकों को डराने के लिए यह साजिश रची। सुकांत मजूमदार ने पोस्ट में लिखा- "हमारे शहीद पृथ्वीराज नस्कर के परिवार से वीडियो कॉल पर बात की। दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में टीएमसी के क्रिमिनल गैंग ने बेरहमी से नस्कर की हत्या कर दी थी। पूरी बीजेपी शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है, आवश्यक वित्तीय और कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक पृथ्वीराज के हत्यारों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता। बीजेपी बंगाल में सीएम ममता बनर्जी के रक्तपिपासु और दमनकारी शासन को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

हालांकि, टीएमसी नेता कुणाल घोष ने इन आरोपों का खंडन किया। उनका कहना है कि बीजेपी नस्कर की मौत के असली कारण को जानती है, लेकिन टीएमसी पर झूठे आरोप लगा रही है। घोष ने दावा किया कि नस्कर के कई लोगों से व्यक्तिगत दुश्मनी थी और उनके शरीर पर पाई गई चोटें हमलावर की दुश्मनी और घृणा का संकेत देती हैं। वहीं, नस्कर के पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे ने हाल ही में कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दरिंगदी को लेकर न्याय की मांग करते हुए पोस्टर लगाए थे, जिसके चलते स्थानीय टीएमसी कार्यकताओं ने उन्हें धमकियां दी थीं। पुलिस इस मामले में सभी संभावित एंगल से जांच कर रही है।

### नाबालिग के साथ गैंगरेप, चार गिरफ्तार

पुलिस ने नाबालिक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के मुख्य आरोपी सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया। घटना मधुबन थाना क्षेत्र की है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मधुबन थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। पीड़िता की मां के द्वारा मधुबन थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी गयी। घटना के बाद एसपी द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।

इसमें पकड़ीदयाल डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने करवाई करते हुए नामजद मुख्य आरोपी संदीप कुमार, राजेन्द्र राय, त्रिभुअन राय व अप्राथमिकी अभ्युक्त उमाशंकर साह को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों पर पोस्को एक्ट, दुष्कर्म, एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर करवाई में जुट गई है। वहीं दुष्कर्म में शामिल अन्य अभ्युक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छपेमारी में जुटी है।

### दरभंगा: 13 को आएंगे पीएम मोदी, करेंगे एम्स का शिलान्यास

**दरभंगा:** जिस एम्स के निर्माण की मांग की जा रही थी, वह अब जल्द ही पूरी होगी। दरअसल 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा आएंगे। वहीं मोदी दरभंगा एम्स निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही भूमि पूजन किया जाएगा। इसे लेकर आला अधिकारियों की टीम सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने शिलन्यास स्थल पर पहुंची। बता दें कि कुछ महीने पहले दरभंगा दौरे पर आए जेपी नड्डा ने भी दरभंगा एम्स के प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया था। नड्डा के दरभंगा जाने के बाद दरभंगा एम्स को लेकर यह तय हो गया कि बलिया मौजे में ही इसका निर्माण होना है। वहीं बिहार के मुख्य सचिव का दरभंगा दौरा हुआ। वह दरभंगा एम्स से संबंधित सारे आला अधिकारी और ठलकके अधिकारियों के साथ यहां पहुंचे थे।

यहां दरभंगा एम्स के साथ-साथ ठलअकके भी कई सारे प्रोजेक्ट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शिलान्यास किया जाना है। जिले के तमाम आला अधिकारी नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। तीन वर्षों में दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। मुख्य सचिव ने बताया कि 13 नवंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए स्थल निरीक्षण के लिए हमलोग दरभंगा आए हैं। यहां दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। पहला बिहार राज्य में एनएचएआई द्वारा किये गए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उच्च पथ के काम का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम है। दूसरा एम्स दरभंगा का भूमि पूजन किया जाना है। इसे लेकर पटना से सभी संबंधित अधिकारी, पथ सचिव और स्वास्थ्य सचिव, एम्स के डायरेक्टर के साथ स्थल निरीक्षण करने आए। कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ-साथ तैयारियों का भी जायजा लिया।

महाराष्ट्र चुनावः भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# 25 लाख नौकरी, किसानों की कर्जमाफी और वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी का वादा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही। वैसे-वैसे राजनीतिक गलियारे में हलचल तेज होती जा रही है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।




**संकल्प पत्र में क्या कुछ**

- युवाओं के लिए 25 लाख नई नौकरियों का वादा
-महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने का वादा
- किसानों का कर्ज माफ करने का वादा
-किसानों के लिए भावांतर योजना लाएगी
-वृद्ध पेंशन योजना- सीमा 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये की जाएगी
**-स्कील सेंटर खोले जाएंगे**
-भारत के लिए विकसित महाराष्ट्र बनाने की रूपरेखा

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र के लिए भाजपा का चुनाव संकल्प पत्र विकसित भारत के लिए विकसित महाराष्ट्र बनाने की रूपरेखा है।

**कब होने हैं चुनाव?**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं और सभी 288 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना 23 नवंबर को होगी। 2019 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने 105 सीटें, शिवसेना ने 56 और कांग्रेस ने 44 सीटें जीतीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 122, शिवसेना को 63 और कांग्रेस को 42 सीटें मिली थीं।

## कश्मीर को हिंसा में धकेलने की साजिश महाराष्ट्र में पीएम मोदी का कांग्रेस पर वार

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धुआंधार प्रचार शुरू कर दिया है। शनिवार को पीएम मोदी ने लगातार दूसरे दिन अकोला में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नौ नवंबर की यह तारीख बहुत ऐतिहासिक है। 2019 में आज ही के दिन देश की सर्वोच्च अदालत ने राम मंदिर पर अपना फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर धर्म के लोगों ने काफी संवेदनशीलता दिखाई। राष्ट्र प्रथम की यह भावना भारत की बहुत बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को हिंसा में धकेलना चाहती है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 की वापसी की मांग हो रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान भी



यही चाहता है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार (गांधी परिवार) के लिए एटीएम बन जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक सरकार का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन राज्यों में डबल हो गई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति समुदाय से एकजुट रहने का आह्वान किया और चेताया कि कांग्रेस उनके बीच मतभेद और विभाजन का फायदा उठाना चाहती है। अगर आप एकजुट नहीं रहे और अपनी जातियों में विभाजित हो गए, तो कांग्रेस इसका फायदा उठाएगी और एससी समुदाय के अधिकार छीन लेगी। कांग्रेस एससी समुदाय को कमजोर करके अपनी सरकार बनाएगी। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 को लेकर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी इसे जम्मू-कश्मीर में दोबारा लागू करने की कोशिश कर रही है, जिससे राज्य को हिंसा की ओर धकेला जाएगा। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को हिंसा में धकेलना चाहती है। अनुच्छेद 370 कभी बहाल नहीं होगा। ये कौन लोग हैं जो इसे बहाल करना चाहते हैं? सभी भारत विरोधी ताकतें अनुच्छेद 370 का समर्थन करती हैं।

बिजनौर में ट्रिपल मर्डर

## पति-पत्नी और बेटे की पेचकस से गोदकर हत्या, लहूलुहान मिले शव



**बिजनौर :** बिजनौर की सनसनी फैल गई। पति-पत्नी और बेटे की पेचकस से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर आकर जांच की। इस दौरान भारी भीड़ एकत्र हो गई।

ट्रिपल मर्डर की सूचना मिलते ही मौके पर एसपी अभिषेक झा, एसपी सिटी संजीव बाजपेई और कई थानों की पुलिस फोर्स भी पहुंच गई। अधिकारियों ने आसपास के लोगों और अन्य परिजनों से पूछताछ और छानबीन की। एसपी सिटी का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

अपने आखिरी जजमेंट में बोले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड

## बुलडोजर न्याय किसी भी सभ्य न्याय व्यवस्था का हिस्सा नहीं हो सकता

**यूपी के महाराजगंज में हुए बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई कर रही तीन जजों की बेंच**

**नई दिल्ली:** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ आज रिटायर हो जायेंगे। 9 नवंबर 2022 को चीफ जस्टिस का पदभार ग्रहण वाले डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायर होने के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। सीजेआई जस्टिस खन्ना 11 नवंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। डीवाई चंद्रचूड़ का सुप्रीम कोर्ट में आखिरी वर्किंग डे आठ नवंबर को था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने आखिरी जजमेंट में बुलडोजर एक्शन की कड़ी निंदा की। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की बेंच ने यूपी के महाराजगंज में हुए बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई करते हुए योगी सरकार को फटकार लगायी। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून के शासन में बुलडोजर न्याय अस्वीकार्य है। किसी की संपत्ति



को नष्ट करके उसे न्याय नहीं दिया जा सकता है। बुलडोजर चलाने की धमकी देकर लोगों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। यह कानून की नजर में सही नहीं है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। अगर इसे अनुमति दी गयी तो अनुच्छेद 300ए के तहत संपत्ति के अधिकार की संवैधानिक मान्यता एक डेड लेटर बनकर रह जायेगी। तीन जजों की बेंच में डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी थे।

बुलडोजर न्याय किसी भी सभ्य न्याय व्यवस्था का हिस्सा नहीं हो सकताः चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने संविधान के अनुच्छेद 300ए का हवाला देते हुए कहा कि अगर बुलडोजर न्याय की अनुमति देने से संपत्ति के अधिकार की संवैधानिक मान्यता समाप्त हो जायेगी। संविधान के अनुच्छेद 300ए में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति को कानून के प्राधिकार के बिना उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जायेगा। कहा कि बुलडोजर के जरिये न्याय करना किसी भी सभ्य न्याय व्यवस्था का हिस्सा नहीं हो सकता। अगर राज्य के किसी भी विंग या अधिकारी को मनमानी और गैरकानूनी व्यवहार की अनुमति दी जाती है, तो यह एक गंभीर खतरा है। कहा कि नागरिकों की संपत्तियों को ध्वस्त करना बाहरी कारणों से एक चुनिंदा प्रतिशोध के रूप में माना जायेगा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट का अहम फैसला

## लंबे समय तक संबंध बनाने से इनकार करना हो सकता है तलाक का आधार

**नई दिल्ली :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक तलाक के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि लंबे समय तक यौन संबंध बनाने से इनकार करने के आधार पर तलाक लिया जा सकता है। यह फैसला जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस डोनादी रमेश की बेंच ने सुनाया है। कोर्ट ने यह फैसला एक पति द्वारा लगाई गई तलाक की याचिका की सुनवाई के दौरान सुनाया है, जिसमें उसने पत्नी के यौन संबंध बनाने से मना करने पर तलाक की मांग की थी।

कोर्ट ने यह टिप्पणी पति याचिका को खारिज करते हुए की है। पति ने मिजार्पुर फैमिली कोर्ट के चीफ जस्टिस के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मिजार्पुर



फैमिली कोर्ट ने पति की तलाक की अर्जी को खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता पति पेशे से डॉक्टर है। वहीं उसकी शादी जून 1999 में हुई थी। पत्नी भारतीय रेलवे की रिटायर्ड कर्मचारी है। दोनों के दो बच्चे है, जिसमें से एक बच्चा पिता के साथ रहता है और दूसरा बच्चा मां के साथ रहता है।

9 साल पहले पति ने लगाई थी तलाक की अर्जीः 9 साल पहले पति ने मिर्जापुर फैमिली कोर्ट में क्रूरता के आधार पर पत्नी से तलाक की अर्जी लगाई थी। पति का आरोप था कि पत्नी ने धार्मिक गुरु की बातों में आकर यौन संबंध बनाने से इनकार कर दिया। पत्नी ने पति के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि दो बच्चों के पैदा होने से यह साबित होता है कि हम दोनों के बीच अच्छे संबंध थे।

## श्रीनगर में मुठभेड़, दो से तीन आतंकी के छिपे होने की आशंका, सोपोर में एक दहशतगर्द ढेर

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। सोपोर में 24 घंटे से भी कम समय में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। वहीं, श्रीनगर जिले में भी मुठभेड़ शुरू हो गई है। श्रीनगर के हरवान इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ चल रही है। माना जा रहा है कि दो-तीन आतंकवादी छिपे हुए हैं, ऑपरेशन जारी है।

रामपुरा राजपोरा के जंगलों में शनिवार शाम को मारे गए आतंकी की शिनाख्त अभी नहीं हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि यह दहशतगर्द बांदीपोरा में दो दिन पहले मारे गए पाकिस्तानी आतंकी का साथी है। जो मुठभेड़ के दौरान भाग निकला था।



इससे पूर्व सुरक्षाबलों ने साहीपोरा में दो आतंकियों को मार गिराया था। बता दें कि बांदीपोरा, कुपवाड़ा और सोपोर के बाद उत्तरी कश्मीर में यह चौथी मुठभेड़ है। अधिकारियों ने बताया कि जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया तो इलाके में छुपे आतंकियों ने गश्ती दल पर फायरिंग कर दी। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर किये एक पोस्ट में लिखा, रामपुरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट मिला था। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान शुरू किया था।

पुलिस के एक उच्च अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। उसकी शिनाख्त अभी नहीं हुई है लेकिन संभावना है कि ढेर किया आतंकवादी बांदीपोरा मुठभेड़ के दौरान भाग निकला एक पाकिस्तानी दहशतगर्द हो सकता है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। मारे गए आतंकी की शिनाख्त के भी प्रयास किया जा रहा है।

**एक दिन पहले मारे थे दो आतंकीः** सोपोर में ही सुरक्षाबलों ने वीरवार रात शुरू हुए ऑपरेशन के बाद शुक्रवार को दो आतंकियों को मार गिराया था। इनकी शिनाख्त फिलहाल नहीं हुई है। इनके पास से दो एके 47 राइफल, दो ग्रेनेड व एक पिस्तौल बरामद की गई थी।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में जबरवन जंगल क्षेत्र में रविवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार, यह मुठभेड़ सुबह 9 बजे के आसपास उस क्षेत्र में शुरू हुई, जो दाचीगाम और निशात क्षेत्र के ऊपरी इलाकों को जोड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इस क्षेत्र में तलाशी अभियान और घेराबंदी (कॉर्डन) ऑपरेशन शुरू किया था। फिलहाल, इस मुठभेड़ में किसी प्रकार के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ अमरेंद्र ने जरमुंडी में किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**जरमुंडी :** बजरंगबली मोड़ में जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अमरेंद्र कुमार यादव ने शनिवार को चुनावी कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया।
कार्यालय उद्घाटन में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कई कार्यकर्ता साइकिल पर सवार हो कर आये थे। डॉ.अमरेन्द्र ने कार्यकताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा किया। अपने संबोधन में डा० अमरेन्द्र ने कहा कि गरीब पिछड़े दलित अल्पसंख्यक और आम आदमी की जीवन में विकास की रौशनी एकमात्र समाजवादी पार्टी ही लाने का काम किया है। उन्होंने अपने समर्थकों और कार्यकताओं को घर घर जाकर गहन जनसंपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

### झारखंड प्रांत का निर्माण जिस उद्देश्य से हुआ वह धरातल पर नहीं दिख रहा है : रामकृष्ण हेंब्रम



**जामाः** जामा विधानसभा चुनाव में कई राजनीतिक दलों के प्रत्याशी रेस में नजर आ रहे हैं। इधर जेएमएम से बागी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रामकृष्ण हेम्ब्रम भी बांसुरी छाप पर दांव आजमाने के लिये चुनाव मैदान में उतर गये है। और लगातार प्रचार प्रसार करते हुए अपने कुनबा को बड़ा करने का कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दिन में गांव गांव घूमकर जहां प्रचार प्रसार कर रहे हैं। वहीं रात में रात्रि चौपाल की मदद से वोटरों को रिझाने में लगे हुए हैं। प्रत्याशी रामकृष्ण हेम्ब्रम से बात करने पर उन्होंने बताया कि झारखंड प्रांत का निर्माण जिस उद्देश्य से हुआ है वह कहीं धरातल पर दिख नहीं रहा है। युवा बेरोजगार बैठे हैं। मजदूरों का लगातार पलायन हो रहा है। जो गंभीर मुद्दा है। इन सभी बिंदुओं पर कार्य करने की जरूरत है। अगर जनता हमें जामा के विधायक के रूप में चुनती है तो बेरोजगारी एवं पलायन मुख्य मुद्दा होगा। उन्होंने शनिवार को खटंगी, जरजोखा, मधुवन, शिकारपुर, मुर्गाबनी आदि गांव का दौरा कर लोगों को बांसुरी छाप पर वोट देने के लिये प्रेरित किया। मौके पर मुखिया मुकेश गृही, सुनीता मरांडी, कमीशन सोरेन, इस्लाम टुडू, चंद्रमोहन हांसदा, उमेश मरांडी, कालीचरण मुर्मू, अजित राय, विजय यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### भाजपा प्रत्याशी ने किया पार्टी कार्यालय का उद्घाटन एवं क्षेत्र भ्रमण



**जामा :** जामा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने शनिवार को बारापलासी चौक एवं माहरो चौक पर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी श्री मुर्मू ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन के बाद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2019 विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने के लिए झामुमो व कांग्रेस ने 137 वादे किये थे। जिसमें पांच लाख रोजगार देने, रोजगार नहीं देने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने समेत कई लोक लुभावन वादे किये थे लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि 5 साल तक शासन में रहने के बाद भी एक भी वादा पूरा क्यों नहीं किया गया। इसके विपरीत रघुवर दास के शासनकाल की योजनाओं को बंद कर दिया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने झामुमो छोड़ भाजपा का दामन थामा जिसमें मुख्य रूप से राजकिशोर हांसदा, जीतन हांसदा, भीम हांसदा, प्रकाश मुर्मू, किरन मरांडी, राजेश टुडू, मीनू सोरेन, धनपति मंडल, मनिक मंडल, प्रभु मड़ल, लक्ष्मण मंडल, मनु राय, कासिम किस्कू, छोटका हांसदा, मनोज हांसदा, हेमलाल हांसदा, कन्हाई ततवा आदि शामिल हुए सभी को भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राजू पुजहर, इंद्रकांत यादव, राजू प्रसाद दर्वे, कृष्णा मंडल, सुनील मरीक, दिलीप यादव, कुमोद यादव, फुटो देवी, मनीष सिंह, मनोहर राय, सुबोध ततवा, संजय सिंह, रामकृष्ण मड़ल, हिरालाल मंडल, सनाथ मुसुप, राजधर मुसुप, अशोक राउत, चुनचुन राय, राजू मंडल, तारा देवी, जानकी देवी, सरस्वती देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात चपुड़िया, सिमलदुम्मा, नवाडीह, गुहियाजोरी, खिजुरी, बालपोडेय, खड़हारा, जामा टू समेत दर्जनों गांवों में पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने जनसंपर्क अभियान चलाकर समर्थन मांगा।

### चुनाव प्रेक्षकों ने की बैठक, दी मतदान संबंधी जानकारी

**चाईबासा :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चाईबासा परिसदन में आज शनिवार को केंद्रीय चुनाव प्रेक्षकों ने प्रत?याशियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन?हें मतदान संबंधी जानकारी दी। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की और से प्रतिनियुक्त चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनबलागन।पी, मझगांव विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक मनुज गोयल, जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक प्रबल सेपाहा, मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एस।प्रभाकर एवं सभी अभ्यर्थी व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थित थे। बैठक में प्रेक्षकों ने बताया गया कि झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले में 13 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है। मतदान तिथि से 72 घंटे पूर्व से राजनीतिक दलों के प्रचार प्रसार पर रोक लग जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में मतदान का समय 4 बजे अथवा 5 बजे शाम तक है, उनके लिए 72 घंटे की गणना इसी समय से की जाएगी।

### कोडरमा और गढ़वा में तेजस्वी यादव की सभा, कहा

# चाचा को हाईजैक किया, हेमंत को परेशान किया

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा/गढ़वाः** झारखंड के कोडरमा और गढ़वा विधानसभा में बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इन्होंने कोडरमा से राजद प्रत्याशी सुभाष यादव और गढ़वा से जेएमएम प्रत्याशी मिथलेश ठाकुर के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद किया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा।
तेजस्वी यादव को सुनने के लिए कोडरमा के रामशाला मैदान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकर्ता सभा में पहुंचे थे। अपने संबोधन में बीजेपी नेताओं पर हमला बोलते हुए तेजस्वी यादव ने सतगावां की जनता से सुभाष यादव को जिताने की अपील की। संबोधन के दौरान तेजस्वी यादव के मंच पर बिहार के कई बड़े नेता व विधायक उपस्थित रहे। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा समाज को बांटना चाहती है। यही वजह है कि बीजेपी हिन्दू मुस्लिम के नाम पर नफरत फैला रही है।
तेजस्वी यादव ने कहा कि गरीबों के मसीहा लालू यादव ने सुभाष यादव को अपना दूत बनाकर कोडरमा भेजा है। इसलिए कोडरमा के एक-एक लोग सुभाष यादव को अपना मत दें और लालू यादव के हाथों को मजबूत बनाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी ने रोजगार और महंगाई के मुद्दे पर देश की जनता को ठगने का काम किया है। मंच पर सुभाष यादव की अनुपस्थिति में उनकी बेटी और पत्नी मैजूद रही। कोडरमा से राजद प्रत्याशी सुभाष यादव को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। हालांकि जेल से बाहर आने में उन्हें वक्त लग गया इसलिए वे इस सभा में शामिल नहीं हो पाए।



गढ़वा में मुकेश सहनी संग तेजस्वी यादव ने सभा को संबोधित किया
गढ़वा में जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर के पक्ष में भी तेजस्वी ने चुनावी सभा को संबोधन किया है। इस सभा में तेजस्वी के साथ वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद थे। मुकेश सहनी ने कहा कि राज्य में फिर से हेमंत के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। लोग बांटने का काम करेंगे, आप लोग जोड़ने का काम कीजिए। वहीं, तेजस्वी यादव ने कहा कि यह चुनाव बहुत महात्वपूर्ण है। तेजस्वी ने कहा ये चुनाव दो धाराओं के बीच की लड़ाई है। उन्होंने आगे कहा की झारखंड में ज्यादा समय तक बीजेपी शासन किया बावजूद बीजेपी ने सौतेला व्यवहार किया है।
तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन भाजपा ने स्थिर सरकार को तोड़ने का काम किया है। ईडी और सीबीआई से छापामारी करवाया। ये लोग आरएसएस के संविधान को लागू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लालू और तेजस्वी को भाजपा ने बहुत तंग किया है, लेकिन हम कभी झुके नहीं, केस से हमें डरवाते हैं लेकिन हम लोगों के भगवान श्रीकृष्ण भी केस से नहीं डरे तो हमलोग क्या डरेंगे।
तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जो घोषणा पत्र जारी किया है। उसमें मंईयां सम्मान योजना से पैसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिथलेश सिंह जीतेंगे तो इन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। नोटबंदी को लेकर तेजस्वी ने कहा कि शुक्रवार को नोटबंदी का बर्सी थी, जिसमें सबसे बड़ा घोटाला हुआ है। देश के सभी जिले में घोटाला कर बीजेपी वालों ने अपना कार्यालय बनाया है। जब तक अमन शांति रहेगी तभी तक हमलोग आपस में बैठ कर बात कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बीजेपी पर निशाना, कहा

## हम जुमलेबाजी नहीं, काम करने में विश्वास रखते हैं

### मांडर के बुढ़ाखुखरा में कांग्रेस उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की के समर्थन में मुख्यमंत्री की जनसभा

मेट्रो रेज संवाददाता

**मांडरः** मांडर के बुढ़ाखुखरा मैदान में आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने मांडर विधानसभा सीट से महागठबंधन समर्थित कांग्रेस की उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की के पक्ष में जनता से समर्थन की अपील की। भारी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच मुख्यमंत्री ने झारखंड सरकार की जनहितकारी नीतियों और विकास कार्यों पर विशेष जोर दिया।
मुख्यमंत्री सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर कटाक्ष करते हुए कहा, ह्लहम बीजेपी की तरह केवल जुमलेबाजी नहीं करते, जो कहते हैं उसे कर के दिखाते हैं।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में ठोस काम किए हैं, विशेष रूप से महिलाओं और वंचित समुदायों के कल्याण के लिए।



मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी ह्लमईया सम्मान योजनाह्व का जिक्र करते हुए इसे महिलाओं के सम्मान की दिशा में उठाया गया पहला कदम बताया और कहा कि आने वाले समय में इसे और व्यापक रूप दिया जाएगा।
इस मौके पर शिल्पी नेहा तिर्की ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, ह्लअसम के मुख्यमंत्री को झारखंड की चिंता करने के बजाय असम के चाय बागानों में आदिवासियों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए और उनके जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में काम करना चाहिए।ह्व तिर्की ने मांडर की जनता के समर्थन के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके सहयोग से मांडर में विकास और जनहित की नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।
इस जनसभा में मुख्यमंत्री के संबोधन और शिल्पी नेहा तिर्की के जोशीले बयान ने मांडर की जनता में एक नई उम्मीद जगाई है। जनसभा में लोगों की भारी उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि महागठबंधन के उम्मीदवार को जनता का व्यापक समर्थन मिल सकता है।

### नगर निगम के हैप्पी वोटर्स स्ट्रीट शो में प्रियंका चोपड़ा की मां भी हुईं शामिल

**सरायकेला :** आदित्यपुर के स्कूली छात्रों ने 10 नवंबर 2024 को आदित्यपुर नगर निगम द्वारा आयोजित मतदाता जागरुकता रोड शो ह्लहैप्पी वोटर्स ऑन स्ट्रीटह्व में भाग लेकर आमलोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की मां डॉ। मधु चोपड़ा थीं। आदित्यपुर नगर निगम के नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, अतिरिक्त नगर आयुक्त और अन्य गणमान्य नागरिकों सहित सम्मानित अतिथियों ने इसमें भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान में प्रत्येक नागरिक की भूमिका के महत्व को उजागर करना था।

### जगतगुरु त्रिदंडी स्वामी 14-25 जनवरी तक जय प्रकाश उद्यान में करेंगे महायज्ञ

**आदित्यपुर :** जयप्रकाश उद्यान के पवित्र उतरवाहिनी खरकई नदी के तट पर मकर संक्रांति के अवसर पर जगतगुरु रामानुजाचार्य त्रिदंडी स्वामी संत सुंदरराज (बनारस) के मंगलानुशासन श्रीश्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होगा। महायज्ञ 14 जनवरी से शुरू होगा, जो 25 जनवरी तक चलेगा। प्रवक्ता रविंद्र नाथ चौबे ने बताया कि त्रिदंडी स्वामी 13 दिसंबर को ही यज्ञ स्थल पर आ जायेंगे। इससे पूर्व यज्ञ स्थल पर साधु-संतों के लिए कुटिया निर्माण व यज्ञशाला निर्माण के लिए मुजफ्फरपुर से कुशल कारीगर की टीम आयेगी। बताया कि आदित्यपुर के धमार्नुरागियों ने महायज्ञ को लेकर बैठक की और एक संचालन समिति का गठन किया। अब महायज्ञ संचालन समिति की अगली बैठक 17 नवंबर 2024 को होगी, जिसमें कार्यों को अंतिम रूप दिया जायेगा। महायज्ञ संचालन समिति का मुख्य संरक्षक शंभूनाथ सिंह को बनाया गया है। वहीं संचालन समिति का अध्यक्ष एके श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार (पूर्व डीएसपी), उपाध्यक्ष रवींद्र नाथ चौबे, शिव पूजन सिंह, अमित कुमार सिंह, श्रीराम ठाकुर, सनोज कुमार सिन्हा व देवांगचंद मुखी, महासचिव डॉ सुधीर कुमार सिंह, सचिव राजीव नयन पांडे, प्रेम कुमार निर्मल, अंबुज पांडेय, रमन चौधरी, रंजन सिंह, विनोद कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार सिंह, अधिवक्ता जीतेंद्र कुमार, अनिल तिवारी व कमलेश सिंह, कोषाध्यक्ष लखीनारायण ओझा और सह कोषाध्यक्ष संजय कुमार तिवारी को चुना गया है।

### हिमन्ता विश्वा शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड के पक्ष में की जनसभा

मेट्रो रेज संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शशि भूषण सामड के समर्थन में स्थानीय रेलवे हाई स्कूल मैदान में आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए आसाम के मुख्यमंत्री सह विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखण्ड सरकार केवल घुषपैठियों को ही लाकर अपने पक्ष में मतदान की व्यवस्था कर रही है जिससे लोग भली भांति जान गये हैं। भाजपा की सरकार 2024 में बनना तय है इसलिए ज्यादा से ज्यादा भाजपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर विधानसभा भेजें। पुरे राज्य में भाजपा के पक्ष में माहौल है। वर्तमान सरकार से लोग त्रस्त हैं इसलिए प्रदेशवासियों ने भाजपा और उसके सहयोगी दल के पक्ष में मतदान करने के लिए 13 नवम्बर और 20 नवम्बर का



इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड को विजयी बनाने का आहवाहन किया। आज रेलवे हाई स्कूल में पांच वर्षों के पश्चात विशाल जनसभा संपन्न हुई इससे पूर्व 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित साह का आगमन हुआ था। आज कई वर्षों के पश्चात रेलवे हाई स्कूल मैदान में हेलिकॉप्टर भी उतरा आज के इस विशाल जनसभा में पार्टी के नेतागण और कार्यकताओं में बेहद उत्साह भी देखा गया। वहीं भाजपा प्रत्याशी शशि भूषण सामड ने उपस्थित जन समुह का जोरदार स्वागत किया और उन्हें जिताने की अपील भी की। आज के जनसभा से भाजपाईयों ने बेहद हर्ष और उत्साह देखा गया।

### आदित्यपुर नगर निगम की अनोखी और सार्थक पहल

## प्रियंका चोपड़ा की माता मतदाताओं को मतदान के लिए करेगी प्रेरित

बिनय मिश्रा

फिल्म जगत की मशहुर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की माता मधु चोपड़ा से आज आदित्यपुर नगर निगम की उपप्रशासक पारूल सिंह उनसे मिली और विधानसभा चुनाव 2024 में ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान करें और वोटों की प्रतिशत बढ़े इसके लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए उनसे आग्रह किया जिससे मधु चोपड़ा ने स्वीकार करते हुए कहा कि इस कार्य में वह अपनी अवश्य सहभागिता निभायेगी। गौरतलब हो कि पारूल सिंह इससे पूर्व जमशेदपुर, धालभूमगढ़ की अनुमण्डल पदाधिकारी भी रह चुकी हैं और लोकसभा चुनाव के दौरान इनकी सार्थक पहल और प्रयास काफी कारगर रही थी और पूर्वी सिंहभूम



में लोकसभा चुनाव का मतदान प्रतिशत काफी बेहतर रहा था। आज आदित्यपुर नगर निगम की उपप्रशासक के रूप में पारूल सिंह ने बेहतर पहल और कारगर प्रयास किया जिसे फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की माता मधु चोपड़ा ने पूर्ण सहयोग और सहभागिता निभाने की बात कही।

## विपक्षी पार्टी के लोग आपको बहलाएंगे लेकिन आप सावधान रहना : कल्पना सोरेन

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुरः** झारखंड विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र पर कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने झामुमो प्रत्याशी मंगल कालिंदी को वोट देने की अपील की। यहां कल्पना सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गांव की सरकार है। विपक्षी पार्टी के लोग हमारे लोगों को बरगलाने आएंगे मगर आप सावधान रहिए और ऐसे लोगों के झांसे में नहीं आएं।
झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी मंगल कालिंदी के पक्ष में कल्पना सोरेन ने पटमदा के गोबरघुसी गांव में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए उनके पक्ष में वोट डालने की अपील की। इस दौरान मंच पर प्रत्याशी मंगल कालिंदी और क्षेत्र के जेएमएम नेता भी मौजूद रहे। कल्पना सोरेन ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने यहां की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान से जोड़कर प्रत्येक माह एक-एक हजार



रुपये भेजने का काम किया है।
कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार ने गरीब असहाय लोगों का बिजली बिल माफ किया है। इसके अलावा दो लाख रुपये तक ऋण भी माफ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को बरगलाने के लिए विपक्ष के लोग आएंगे मगर आप उनसे सावधान रहिएगा। कल्पना सोरेन ने कहा कि हमारी भाषा, संस्कृति व सभ्यता किसी से छिपी नहीं है और हमें इस पर गर्व है। इस अवसर पर उन्होंने महागठबंधन प्रत्याशी मंगल कालिंदी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।